
फिर रेड मारने को तैयार......

दैनिक
# अमन लेखनी

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471


काम पर फोकस करना है रिश्ते में नहीं........

वर्ष : 11 | अंक : 01 | लखनऊ, 17 दिसम्बर, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र की हंगामेदार शुरूआत

## हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार, विपक्ष ने डाला कार्यवाही में व्यवधान : सीएम योगी

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों की आज हंगामेदार शुरूआत हुई। विधान सभा और विधान परिषद के सत्र की शुरूआत से पहले ही समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने जिस तरह विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की उससे ही अंदाजा हो गया था कि यह सत्र हंगामेदार रहने वाला है। हम आपको बता दें कि सत्र शुरू होने से पहले सपा विधायक और विधान पार्षदों ने संभल समेत कई मुद्दों पर नारे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के निकट सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी



की। सपा नेताओं ने किसानों की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का वादा पूरा न होने, बेरोजगारी, पेपर लीक और पुलिस द्वारा किए जा रहे ह्यह्यअत्याचारह्लह्ल जैसे तमाम मुद्दे उठाये। सपा विधायकों ने संभल हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों के लिए न्याय की मांग करते हुए नारेबाजी की।

सपा विधायक और विधान पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार इन मुद्दों की ओर ध्यान नहीं दे रही है और आम जनता के हितों की अनदेखी कर रही है। इससे पहले सपा के विधान पार्षद आशुतोष सिन्हा महंगाई के विरोध में साइकिल चलाते हुये सदन पहुंचे।

वहीं विधानसभा में भी सपा विधायकों का हंगामा जारी रहा। सपा विधायक वेल में धरने पर बैठ गये। विधानसभा अध्यक्ष उन्हें समझाते रहे लेकिन जब सदस्य नहीं माने तो उन्होंने कहा कि तीन साल के उनके कार्यकाल में पहली बार सदन को स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि आप लोगों के पास पूछने के लिए सवाल नहीं हैं, इसलिए आप लोग हंगामा कर रहे है। आप जो चाहें हम हर मुद्दा सुनने के लिए तैयार हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि सत्र की शुरूआत से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में भाजपा विधानमंडल दल की बैठक हुई। इसमें सत्र के दौरान विपक्षी हमलों से निपटने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस मौके पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। बैठक में सभी मंत्रियों और विधायकों को सत्र के दौरान पूरी तैयारी के साथ सदन में आने के निर्देश दिए गए। सीएम ने कहा कि विपक्ष की ओर से उठाए गए हर मुद्दों का तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी करके सदन में आएं। सत्र की शुरूआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, '....शीतकालीन सत्र के दौरान विधायी कार्य तो होंगे ही इसके साथ ही अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा।

## प्रियंका गांधी ने वायनाड में मानव-पशु संघर्ष का विषय लोकसभा में उठाया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली,कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में मानव-पशु संघर्ष से जुड़ा मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया और सरकार से सवाल किया कि क्या प्रभावित लोगों को सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने लोकसभा में पूरक प्रश्न पूछते हुए यह विषय उठाया। प्रियंका गांधी ने कहा, ह्यह्यमैं अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में मानव-पशु संघर्ष का मुद्दा उठाना चाहूंगी। पिछले साल 90 लोग प्रभावित हुए हैं। कल भी किसी जंगली जानवर ने हमला किया है। इसलिए मैं पूछना चाहती हूं कि सरकार विशेष रूप से किसानों और आम लोगों को क्या मुआवजा देगी? कांग्रेस नेता के प्रश्न के उत्तर में पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि पूरक प्रश्न का सूचीबद्ध प्रश्न से कोई संबंध नहीं है। हालांकि, उन्होंने बताया कि प्रशासन और वन विभाग वायनाड में मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की एक प्रति वायनाड

## भारत-चीन संबंधों में संतुलन कायम करना दोनों देशों के हित में : जयशंकर

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन दोनों के हित में है कि वे एक संतुलन कायम करें लेकिन समस्या यह है कि हम अभी भी अल्पकालिक उपायों से जूझ रहे हैं और फिलहाल अल्पकालिक उपाय तनाव कम करने पर केंद्रित होंगे। हाल में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की गश्त और पीछे हटने को लेकर एक समझौता हुआ, जो चार साल से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। जयशंकर ने कहा, संतुलन स्थापित करना दोनों देशों के हित में है। हालांकि, वैचारिक रूप से ऐसा करना कठिन है, क्योंकि दोनों ही देश पूर्ण रूप से बदल रहे हैं, इसलिए यह बहुत जटिल समीकरण है। विश्व बदल रहा है, हम बदल रहे हैं, विश्व के साथ संबंध बदल रहे हैं और दोनों देशों के संबंध भी बदल रहे हैं। यहां आईसीसी में इंडियाज वर्ल्ड पत्रिका के विमोचन के बाद आयोजित कार्यक्रम में जयशंकर ने विदेश नीति मामलों के विशेषज्ञ सी. राजा मोहन के साथ परिचर्चा के दौरान ये बातें कहीं। जयशंकर ने कहा, इसलिए, इन सभी परिवर्तनों में, आप संतुलन कैसे पाएंगे... यह पसंदीदा विकल्प होगा, लेकिन समस्या यह है कि अभी हम अल्पकालिक उपायों से जूझ रहे हैं, और अभी अल्पावधि में तनाव कम करने पर ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि सैनिकों के पीछे हटने के मुद्दे पर प्रगति हुई है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

## सड़क हादसे में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत, सात अन्य घायल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**रायपुर**, छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सड़क हादसे में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई है तथा सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना रविवार देर रात डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहापड़ाव गांव के निकट की है जब एक ट्रक ने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में कार सवार दुर्पत प्रजापति (30), सुमित्रा बाई (50), मनीषा कुम्भकार (35), सगुन बाई (50), ईमला बाई (55) और जिग्नेश (सात) की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी गुरेदा गांव के निवासी थे और डौंडी गांव में नामकरण संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल को मौके के लिए रवाना किया और शवों तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घायलों को डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा जांच की जा रही है।

## सपा का लखनऊ में विस शुरू होने से पहले धरना, शुरू होते ही हंगामा

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। लखनऊ में यूपी विधानमंडल का सत्र शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने विधानसभा में एकजुट होकर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए सरकार को घेरा। फसलों की एमएसपी का वादा अधूरा, बेरोजगारी से युवा बर्बाद, पेपर लीक से नौजवान में बेहाल, पुलिस अत्याचार व अन्य मुद्दों पर नारे लिखी तख्तियां हाथों में लेकर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद जब सत्र की शुरूआत हुई तो जैसा कि पहला दिन हंगामेदार होने की उम्मीद थी। वैसा ही हुआ। सपा नेताओं ने



नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष उन्हें समझाते रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तीन साल के उनके कार्यकाल में पहली बार सदन को स्थगित करना पड़ा है। समाजवादी पार्टी के सदस्य वेल में धरने पर बैठ गए थे। अध्यक्ष के बार-बार कहने के बाद भी जब विपक्ष ने हंगामा शांत नहीं किया, तो सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

विधानमंडल अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में कहा कि आप लोगों के पास पूछने के लिए सवाल नहीं हैं, इसलिए आप लोग हंगामा कर रहे है। आप जो चाहें हम हर मुद्दा सुनने के लिए तैयार हैं। सदन में अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य सदस्यों से सवाल पूछने के कहते रहे। लेकिन, विपक्ष नारेबाजी और हंगामा करता रहा। इससे पहले सीएम की अध्यक्षता में लोक भवन में विधानमंडल दल की बैठक हुई। इसमें सत्र के दौरान विपक्षी हमले से निपटने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस मौके पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। बैठक में सभी मंत्रियों और विधायकों को इसके लिए पूरी तैयारी के साथ सदन में आने के निर्देश दिए गए।

सीएम ने कहा कि विपक्ष की ओर से उठाए गए हर मुद्दों का तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी करके सदन में आएं। इससे पहले सीएम की अध्यक्षता में लोक भवन में विधानमंडल दल की बैठक हुई। इसमें सत्र के दौरान विपक्षी हमले से निपटने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस मौके पर दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। बैठक में सभी मंत्रियों और विधायकों को इसके लिए पूरी तैयारी के साथ सदन में आने के निर्देश दिए गए। सीएम ने कहा कि विपक्ष की ओर से उठाए गए हर मुद्दों का तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी करके सदन में आएं।

**संक्षिप्त समाचार**

### उत्तर प्रदेश के शामली में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

शामली। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांधला थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) क्षितिज कुमार सिंह ने बताया कि हादसा रविवार शाम को हुआ जब दोनों बागपत से शामली जिले में अपने गांव भभीसा लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अनुज (25) और उसके चचेरे भाई पवनीश (32) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक की तलाश कर रही है।

### थिएटर में मची भगदड़ की घटना में घायल लड़के के बारे में बहुत चिंतित हूं: अल्लू अर्जुन

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, अर्जुन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर कहा, मैं इस घटना में घायल हुए श्री तेज के बारे में बहुत चिंतित हूं। अभिनेता इस मामले में फिलहाल अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। तेलुगू फिल्मों के अभिनेता अल्लू अर्जुन ने रविवार को कहा कि वह हैदराबाद के एक थिएटर में मची भगदड़ की घटना में घायल हुए लड़के के बारे में बहुत चिंतित हैं। चार दिसंबर की रात अभिनेता की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक संध्या थिएटर में उमड़ पड़े थे। उसी दौरान भगदड़ मचने से 35 वर्षीय महिला रेवती की मौत हो गई थी जबकि उनका बेटा घायल हो गया था।

## उत्तर प्रदेश के संभल में बिजली चोरी पर योगी सरकार की कार्रवाई

## 1,250 मामले दर्ज, 5.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया

**संवाददाता / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। संभल में बिजली चोरीः अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पिछले तीन महीनों में संभल जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिजली चोरी से संबंधित 1,250 एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें 5.2 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। पिछले दो दिनों में ही अधिकारियों ने बिजली चोरी के मामलों में 90 एफआईआर दर्ज की हैं, जिसमें चार मस्जिदों और एक मदरसे में हुई घटनाएं शामिल हैं। इस दौरान लगाया गया कुल जुमार्ना लगभग 1.75 करोड़ रुपये है।

### मस्जिदों और मदरसों से बिजली चोरी

इससे पहले, संभल के मस्जिदों, मदरसों और रिहायशी इलाकों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का खुलासा हुआ था, जिसके बाद अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी थी। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने सुबह 5 बजे संभल सदर के नखासा और दीपासराय इलाकों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक मस्जिद से बिजली चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। छापेमारी के बाद डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने कहा था कि बिजली चोरी के खिलाफ इस तरह का अभियान चलाया जाएगा और एक भी घर में बिजली चोरी नहीं होने दी जाएगी। डीएम ने कहा था, 'करीब 150-200 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। मस्जिद, मदरसे और घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और उनसे वसूली भी की जाएगी।'

डीएम ने कहा था कि वह सुबह 5 बजे लाउडस्पीकर चेक करने पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन लगे हुए थे। उन्होंने कहा, 'जांच के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई। हमने करीब 150-200 घरों और उसके आसपास की 5-6 मस्जिदों की जांच की है। बिजली चोरी पकड़ी गई है। प्रशासन को एक मस्जिद से बड़ी मात्रा में बिजली के तार और अन्य उपकरण मिले हैं। इससे आसपास के इलाके में बिजली चोरी की जा रही थी।'

### संभल में 45 साल बाद मंदिर खुला

इस बीच, नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी के अनुसार, संभल के खग्गू सराय इलाके में भगवान शिव का मंदिर, जो कथित तौर पर 1978 से बंद था, हाल ही में फिर से खोला गया। अतिरिक्त एसपी श्रीश चंद्र ने कहा, 'जांच के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों ने मंदिर पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया था...मंदिर की सफाई कर दी गई है और मंदिर पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी...मंदिर में भगवान शिव और भगवान हनुमान की मूर्तियां हैं...इस इलाके में हिंदू परिवार रहते थे और किसी कारण से वे इस इलाके को छोड़कर चले गए...मंदिर के पास एक प्राचीन कुआं होने की भी जानकारी मिली है...'

## शिल्पा शेट्टी ने कर्नाटक के जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर को यांत्रिक हाथी दान किया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने श्रीमद् रंभपुरी वीररुद्रमुनि जगद्गुरु के शताब्दी जन्म समारोह के लिए यहां श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर को एक यांत्रिक हाथी रविवार को दान किया। कर्नाटक के मंत्री ईश्वर बी खांडरे ने वीरभद्र नामक यांत्रिक हाथी को सौंपते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी ने मंदिरों में हाथी को बेड़ियों में बांधे बिना रखना संभव बना दिया है। रंभपुरी पीठ स्थित श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर ने न तो जिंदा हाथियों को रखने और न ही किराए पर लेने का निर्णय लिया है। मंदिर के निर्णय की सराहना करते हुए वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे खांडरे ने कहा, कई अन्य मंदिरों और मठों ने मुझसे हाथी दान करने का अनुरोध किया। लेकिन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार हम किसी भी मंदिर को हाथी दान नहीं कर सकते। इन परिस्थितियों में रोबोट हाथी जैसी नयी तकनीकें आ गई हैं। मंदिर को हाथी का दान पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया और बेंगलुरु स्थित पशु कल्याण संगठन कम्पैशनेट अनलिमिटेड प्लस एक्शन (सीयूपीए) द्वारा किया गया।

## आप की महिला अदालत के बाद केजरीवाल के घर के बाहर बीजेपी का प्रदर्शन

**स्वाति मालीवाल केस की दिलाई याद**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी की महिला अदालत के बाद अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदर्शन किया है। बीजेपी की महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत के नेतृत्व में अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। बीजेपी ने केजरीवाल पर महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए और स्वाति मालीवाल केस की याद भी दिलाई। बीजेपी ने कहा कि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार उनके घर पर ही बदसलूकी करते हैं। ऐसे में वो महिला सुरक्षा पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं रखते हैं। बांसुरी स्वराज ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान के वादे करने वाली आप



सरकार ने न केवल उन वादों को पूरा करने में विफलता दिखाई है, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा पर ध्यान देने के बजाय राजनीति को प्राथमिकता दी है। दिल्ली की महिलाएँ अब काम और परिणाम चाहती हैं, न कि खोखले दावे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया। त्यागराज स्टेडियम में एक 'महिला अदालत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र के पास दिल्ली पुलिस की शक्तियां होने के बावजूद भाजपा महिलाओं की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता नहीं मानती है। केजरीवाल ने कहा कि दस साल पहले, आपने मुझे दिल्ली में स्कूलों, अस्पतालों और पानी की आपूर्ति में सुधार की जिम्मेदारी दी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह महिलाओं को 'वोट बैंक' के रूप में नहीं मानते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी शक्ति के भीतर सब कुछ किया है।

## अमित शाह से सीधी बातचीत के दौरान नक्सलियों ने बताया- नसबंदी कराने के लिए सभी को किया जाता है मजबूर

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, माओवादियों की शब्दावली में नसबंदी एक बहुत ही आम शब्द है। काडर के जो सदस्य शादी करना चाहते हैं, उसे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ आकाओं के निर्देश पर इस प्रक्रिया से गुजरने के लिए मजबूर किया जाता है। तेलंगाना के एक पूर्व माओवादी को शादी से पहले इस प्रक्रिया से गुजरने का निर्देश दिया गया था। सालों बाद, जब उसने हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर दिया, तो उसने इस प्रक्रिया को उलटने के लिए दूसरी सर्जरी करवाई, और अंततः एक लड़के का पिता बना। वह अकेला नहीं था। बहुत से लोग जो हथियार डालकर मुख्यधारा में आ जाते हैं, वे भी इसी तरह परिवार शुरू करने के लिए प्रक्रिया को उलटने का विकल्प चुनते



हैं। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

तेलंगाना के पूर्व माओवादी ने अमित शाह से बातचीत करते हुए कहा, जब मैं भाकपा (माओवादी) का सदस्य था, तो मुझे नसबंदी करानी पड़ी थी। लेकिन जब मैंने हथियार छोड़ दिए और मुख्यधारा में शामिल हो गया, तो मैंने एक और ऑपरेशन करवाया ताकि मैं पिता बन सकूं। दूसरे ऑपरेशन के बाद, मैं एक बच्चे का पिता बना। उसने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों के बीच यह धारणा है कि बच्चों की देखभाल से उनका ध्यान भटकेगा और इससे उनके आंदोलन को नुकसान पहुंचेगा। यह भी आशंका है कि शादी करने वाले कार्यकर्ता आंदोलन से मुंह मोड़ सकते हैं। इसकी वजह से विवाह करने वाली किसी भी काडर के लिए नसबंदी अनिवार्य है।

पुरुष नसबंदी एक शल्य प्रक्रिया है जो वीर्य में शुक्राणु के प्रवाह को रोकती है जिससे स्थायी जन्म नियंत्रण (गर्भनिरोधक) होता है। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के आत्मसमर्पण कर चुके नक्सली मरकम दुला ने बताया, नक्सली कार्यकताओं के लिए शादी करने से पहले नसबंदी करवाना अनिवार्य है। नेता नहीं चाहते कि कोई भी सदस्य अपनी संतानों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े। इसलिए आगे का रास्ता नसबंदी है। पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी के एक अन्य पूर्व माओवादी ने भी ऐसी ही कहानी बयां की। सुकांति मारी ने बताया, मेरे साथी काडर से विवाह करने से पहले उसे नसबंदी करानी पड़ी। मारी का पति पुलिस मुठभेड़ में मारा गया जिसके बाद उसने अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस बीच, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के समूह के साथ बातचीत के दौरान अमित शाह ने कहा कि उन्हें इस बात से बेहद संतोष है कि देश के युवाओं को हिंसा की निरर्थकता का एहसास हो गया है और उन्होंने हथियार डाल दिए हैं। उन्होंने शेष नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि उनका पुनर्वास सरकार की जिम्मेदारी है।

# बेटे ने प्रेमिका संग मिलकर की पिता की हत्या

## डीसीपी दक्षिणी ने हत्याकांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25हजार रुपए का ईनाम

**जायदाद में हिस्सा देने से मना करने पर बेटे ने दिया वारदात को अंजाम**

**अमन लेखनी समाचार/अमित मिश्रा**



निगोहां ।जायदाद में हिस्सा देने से मना करने पर नाराज बड़े बेटे ने प्रेमिका के साथ मिलकर पिता के सिर में डंडे से वार कर हत्या कर शव को बोरवेल के गड्ढे में फेंककर पुआल से जलाने की कोशिश की थी ।सोमवार को निगोहां पुलिस ने पांच दिन पहले रामपुर गांव में हुयी किसान रामू की हत्या का खुलासा करते हुये आरोपी बड़े बेटे व उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे भेजा। ।पुलिस ने हत्यारोपियो की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक व मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया।

डीसीपी केशव कुमार ने एडीसीपी राजेश यादव व एसीपी रजनीश वर्मा की मौजूदगी में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया बीते गुरूवार की रात निगोहां के रामपुर गांव में खेत की रखवाली करने गये किसान रामू की अज्ञात लोगो द्वारा हत्या कर उसका शव बोरवेल के गड्ढे में डालकर चलाने की कोशिश की गयी थी ।मृतक के भतीजे की सूचना पर घटना के दूसरे दिन पुलिस ने किसान का अधजला शव बोरवेल के गड्ढे से बरामद किया था ।मृतक की बेटी रामावती की तहरीर पर अज्ञात लोगो के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमो को लगाया गया था ।मृतक किसान के मोबाइल की सीडीआर रिपोट निकलवाने पर पता चला बड़ा बेटा धर्मेश बीते एक महीने से पिता से अपने मोबाइल फोन से बात कर रहा था ओर घटना वाली रात भी उसने पिता के मोबाइल फोन पर बात की थी,शक के आधार पर बड़े बेटे धर्मेश निवासी रकीबाबाद थाना गोसाईगंज को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ शुरू की गयी तो टूट गया ओर अपनी प्रेमिका संगीता निवासी मोहारी खुर्द थाना गोसाईगंज के साथ मिलकर पिता रामू की हत्या किये जाने की बात कबूलते हुये बताया पिता रामू गुरूवार की रात जब खेत की रखवाली करने गये थे तो मोबाइल पर बात होने के बाद वो अपनी प्रेमिका संगीता को लेकर मौके पर पहुंचा था, जहां पर पिता ने प्रेमिका संगीता से सम्बंध भी बनाये थे जिसके बाद उसने पिता पर अपनी प्रेमिका संगीता के साथ शादी कर उसके नाम जायदाद करने का दबाब बनाया तो पिता ने मना कर दिया ओर गाली-गालौज करने लगे इस दौरान पिता व उसमें हाथपाई भी हुयी जिसके बाद नाराज होकर पिता के सिर पर डंडे से वार कर मरणासन्न होने पर तीस फिट गहरे बोरवेल के गड्ढे में शव को फेककर पुआल से गड्ढे को भरकर उसमें आग लगाने के बाद पिता का मोबाइल फोन साथ लेकर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर भाग निकला था ।पुलिस ने आरोपी बेटे की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर दोनो आरोपियो को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया ।डीसीपी केशव कुमार ने थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में हत्याकांड का सफल अनावरण करने वाले उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, आनन्द प्रताप सिंह, चन्दन यादव, महिला उपनिरीक्षक कुमारी गायत्री, कास्टेबंल अरविंद कुमार पटेल, मुनेन्द्र कुमार, महिला कास्टेबंल सुनहरी सिंह को 25हजार का ईनाम दिये जाने की घोषणा की।

# खुलेआम घूम रहा बाघ फिर नीलगाय को बनाया निशाना

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। एक गांव में बाघ ने फिर एक नीलगाय का शिकार बनाया है। हलुवापुर गांव रहमानखेड़ा गांव से दो किमी दूर है। इससे पहले रहमानखेड़ा से करीब 5 किमी दूर गुरुदीनखेड़ा गांव में बाघ के पैरों के निशान मिले थे।

खेत पर शौच के लिए गए युवक को फूल और सरसों के खेतों में पग चिन्ह दिखाई दिए। युवक ने गांव में लोगों को इसकी जानकारी दी। खेतों में पग चिन्ह देखकर गांव में दहशत का माहौल बन गया है।

वहीं वन विभाग की टीम ने थर्मल ड्रोन उड़ा कर बाघ की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की। लेकिन बाघ कहीं नजर नहीं आया। करीब 5 किमी की रेंज 15 मिनट तक टीम बाघ को तलाश करती रही।

### एसडीओ बोले- देर रात शिकार को आ सकता है खाने

वन विभाग टीम के हरि लाल ने बताया, सोमवार को दिन में हलुवापुर गांव के रमेश मिश्रा के आम के बाग में बाघ ने नीलगाय पर हमला कर मार डाला है। देर रात शिकार की गई नीलगाय को बाघ खाने आ सकता है ।इसलिए ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है।

### सरसों के खेत में दिखे फुटप्रिंट

सोमवार सुबह गुरुदीनखेड़ा के कमल लोधी सुबह माइनर (छोटी नहर) की तरफ शौच के लिए गए थे। जहां कमल को खेतों में बड़े-बड़े पैरों के निशान दिखे। घबराए कमल ने गांव में सूचना दी। ग्रामीण दिवाकर लोधी ने बताया कि माइनर के पास फूलों व सरसों के खेत मे पग चिन्ह दिखे हैं। बाघ के खेत से निकलने से सरसों भी गिरे दिखाई पड़े।

### फुटप्रिंट बाघ के होने की पुष्टि

ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग टीम गांव में पहुंची और पग चिन्हों की जांच की। टीम ने बाघ के पग चिन्ह होने की पुष्टि की। टीम ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए कहा कि अकेले खेत और जंगल की ओर नहीं जाएं। अंधेरे में घर से निकलने से भी बचें।

गोहरा मउ व करझन गांव में भी मिले फुटप्रिंट वन विभाग के अवध वन प्रभाग के एसडीओ हरि लाल ने बताया कि गोहरा मउ, करझन में भी ग्रामीणों की सूचना दी कि खेतों और बागों में फुटप्रिंट दिखा। जांच में टाइगर के पग चिन्ह होने की पुष्टि की गई। ग्रामीणों को सतर्क किया गया है।

# प्राथमिक शिक्षा आजीवन सीखने, संज्ञानात्मक विकास और सामाजिक विकास की कुंजी - डॉ. राजेश्वर सिंह

**देश के 70 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है हस्तशिल्प, जिसमें से 38 लाख महिलायें – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**देश के निर्यात में 35 हजार करोड़ का योगदान देता है हस्तशिल्प उद्योग, हस्त शिल्प को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**सिन्धी समाज प्रेम और सहिष्णुता का पर्याय, सरोजनीनगर में मनाया जाए सिन्धी सांस्कृतिक सप्ताह – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**प्रीमियर लीगों के आयोजन से युवाओं को मिलते हैं अवसर, बढ़ता है आत्मविश्वास – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने सिन्धी प्रीमियर लीग का शुभारम्भ कर विजेता टीम के लिए 50 हजार की प्रोत्साहन राशि का किया एलान**

**ब्लू बेल स्कूल और राज माता एकेडमी महानगर में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदान किये 10 कंप्यूटर**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। महानगर स्थित ब्लू बेल स्कूल और राज माता एकेडमी के फाउंडर्स डे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एकेडमी की संस्थापिका एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रभा अस्थाना जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, इस एकेडमी के रूप में शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण आने वाली पीढ़ियों को आलोकित करता रहेगा। प्राइमरी शिक्षा के महत्व को उल्लेखित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, 'प्राथमिक शिक्षा बच्चे की क्षमता को उजागर करने, संभावनाओं से भरा भविष्य बनाने की कुंजी है।'

सरोजनीनगर विधायक ने विद्यालय में स्मार्ट क्लासेज का अवलोकन खुशी व्यक्त की और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को आगे बढाने के विद्यालय के संकल्प की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन की प्रशसा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, "एक मोमबत्ती की भांति शिक्षक अपने छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए स्वयं का जीवन अर्पित कर देता है, एकेडमी की प्रबंधक चारू प्रिया अस्थाना एवं समस्त स्टाफ को उनके निरंतर प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई।" साथ ही सरोजनी नगर विधायक ने डिजिटल शिक्षा के प्रोत्साहन के संकल्प क्रम में एकेडमी में 10 कंप्यूटर प्रदान कर डिजिटल लाइब्रेरी की सथापना का संकल्प व्यक्त किया।

### हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में की सहभागिता



आशियाना स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जनसेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउन्डेशन द्वारा आयोजित 'हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव' में अपने बड़े भाई रामेश्वर सिंह जी के साथ पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह ने देश के 28 राज्यों से आये शिल्पकारों की अनुपम कलाकृतियों का अवलोकन और हस्त शिल्पियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित शिल्पकारों और दर्शकों को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, ₹₹हस्त शिल्प केवल कला नहीं, अपितु हमारे पूर्वजों की धरोहर और परिश्रम की जीवंत मिसाल है, जो समय के साथ सजीव बनी रहती है। हस्तशिल्प देश के 70 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है, जिसमें से 38 लाख महिलायें हैं, इस दृष्टि से भी हस्त शिल्प अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत के निर्यात में हस्तशिल्प का योगदान करीब 35 हजार करोड़ है, जो प्रतिवर्ष 14 - 15% की दर से बढ़ रहा है, हस्त शिल्प के सभी उत्पाद प्रकृति के अनुकूल होते हैं।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में इस भव्य आयोजन के लिए अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, मनोज सिंह चौहान, विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया एवं आयोजन मंडल के सभी सदस्यों को बधाई दी। महोत्सव में पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी , पार्षद प्रतिनिधि कमलेश सिंह, पार्षद केएन सिंह, आमोद कुमार, अम्बिका सिंह, शिव कुमार सिंह चच्चू, शेर अली खां, विनय सूदन एवं अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

### सिन्धी प्रीमियर लीग : नेशनल लेवल का किया शुभारम्भ

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर में सिन्धी प्रीमियर लीग : नेशनल लेवल का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक बल्ले से चौके - चक्के लगाते नजर आये। डॉ. सिंह ने प्रीमियर लीग के आयोजन की प्रसंशा करते हुए कहा इससे प्रतिभाओं में निखार आता है, उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। विधायक ने बताया खेल से हमें टीम भावना, निर्णय लेने, अच्छा स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस आदि जीवन के सबसे महत्वपूर्ण गुण विकसित होते हैं।

सिन्धी समाज की प्रसंशा करते हुए सरोजनीनगर विधायक ने आगे जोड़ा, 'सिन्धी समाज का गौरवशाली इतिहास अत्यंत प्राचीन होने के साथ प्रेम और सहिष्णुता का पर्याय है, सिन्धी समाज का साहित्य एवं संगीत उत्कृष्ट श्रेणी का है।' सरोजनीनगर में सिन्धी समाज की विभूतियों के सम्मान में 2 सड़कों के नामकरण और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमू कालाणी की भव्य प्रतिमा की स्थापना का संकल्प व्यक्त करते हुए डॉ. सिंह ने सरोजनीनगर में सिन्धी सांस्कृतिक सप्ताह मनाये जाने का आह्वान भी किया।

लखनऊ में सिन्धी समाज द्वारा सिन्धी प्रीमियर लीग के आयोजन को युवाओं के स्वास्थ्य, सामजिक एकजुटता, सहयोग और समरसता के दृष्टिगत एक दूरदर्शी पहल बताते हुए डॉ. सिंह ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान डॉ. सिंह ने लीग में प्रतिभाग कर रही 12 टीमों में से विजेता टीम को 50 हजार की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में साईं कृष्ण लाल, विनोद पंजाबी, अजय देमरा, नानक चंद लखमानी, वीरेंद्र खत्री, विवेक लधानी, मुरलीधर आहूजा, संजय गुरुनानी, संजय आहूजा, सत्येन्द्र भवनानी, कपिल, भीमेश, कवि, राजू, राहुल, पुलकित व सिन्धी समाज के अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# महाकुंभ पर आधारित अवध के रंग ने जमाया रंग

**दस दिवसीय कार्यशाला की प्रस्तुति में सुनने को मिले मधुर अवधी गीत**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। संस्कृति विभाग के सहयोग से इमेज एंड क्रिएशन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कविता पाठक के संयोजन में महाकुंभ 2025 पर आधारित अवधी लोक गायन प्रस्तुतिपरक दस दिवसीय कार्यशाला 'अवध के रंग' के समापन के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन गोमती नगर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को आमंत्रित किया गया था। विशिष्ट अतिथियों के क्रम में विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान, समाज सेविका नम्रता पाठक और बीजेपी यूपी के प्रदेश मुख्यालय कार्यालय प्रभारी भरत दीक्षित को आमंत्रित किया गया था। समापन समारोह की कार्यक्रम संचालिका समरीन ने बताया कि इस दस दिवसीय कार्यशाला के प्रशिक्षक शिव पूजन शुक्ल और डॉ. प्रतिभा मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रतिभागी, बीते 7 दिसंबर 2024 से उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के पूर्वाभ्यास कक्ष में अवधी लोक गायन का अभ्यास कर रहे थे। सोमवार को इस कार्यशाला की प्रस्तुति में प्रतिभागियों ने 'गंगा नहाइ के लहरिया हम लेबै' और 'पलना मा झुलावे रानी' जैसे विभिन्न सरस और पारंपरिक गीत सुनाए। इस क्रम को बढ़ाते हुए उन्होंने 'बाजै रे बाजे पाँव पैजनियां', 'महलों में बाजे बधाई', 'अंगन मोरे आओ कारे', 'धीरे चलो सुकुमारी', 'तोहार दुलहा गउरा सबसे निराला', 'साथी नान्हें कै तुम्हारे द्वारे आये हैं', 'संगम पै छाय रहब छानी', 'भौजी मेला मा भुलानी', 'हम गोद इबै गोदना' और 'संगम तट लाग कुंभ मेला' जैसे कई गीत सुनाए तो आमंत्रित सुधी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

# बैटरी रिक्शा चालक के कमरे की कुंडी लगा चोर ने पार, तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते तीन दिन पूर्व एक किराए के मकान में रहने वाले बैटरी रिक्शा चालक को सोता देख चोरों ने उसके कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा बैटरी रिक्शा पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। वहीं चोरों की करतूतें पीड़ित के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रुस्तम विहार कॉलोनी सिपेट चौराहा नादागंज लखनऊ निवासी लक्ष्मी कान्त पुत्र राम खेलावन के अनुसार वह उक्त मकान में किराये के मकान में रहता है और बैटरी रिक्शा नम्बर यूपी 32 क्यू एन 4634 चलाता है ।बीते 12 दिसम्बर गुरुवार को दोपहर बाद लगभग 3:00 बजे उसके रिक्शा की बैटरी खतम हो गयी थी तो वह अपना रिक्शा अपने कमरे के बाहर चर्चिंग पर लगा कर कमरे ले लेट गया ।आरोप है कि उस दौरान लगभग 3:45 पर एक ब्यक्ति आया और उसके कमरे कि कुंधी बंद कर उसका बैटरी रिक्शा ले कर चला गया जिसकी विडिओ उसके मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है ।

## भारतीय किसान मंच भारतीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली में रविवार को भारतीय किसान मंच भारतीय गौसेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को कालर ने वाट्सएप के माध्यम से फोन पर धमकी मिली ।आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि भारतीय किसान मंच, भारतीय गौसेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी सी. 4 सिंडरडंप काम्पलेक्स आलमबाग लखनऊ के अनुसार बीते 15 दिसम्बर सुबह 9.44 बजे, व्हाटसएप कांल के माध्यम से कालर ने गायो के कल्याण के लिए कार्य जारी रखने को लेकर गाली-गलौज करने के साथ उन्धहें धमकी दी है। वहीं पीड़ित का कहना है कि आरोपित कालर ने कहा है कि जैसे गायो की हत्या की जाती है। उसी प्रकार टुकडी में उन्हें काट दिया जाएगा ।जिसके चलते भयवश उन्होंने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से आरोपित कालर के फोन नम्बर के आधार पर लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर गाली गलौज धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चैयरमेन प्रतिनिधि ने नवनिर्मित सीसी रोड का फीता काट कर किया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज लखनऊ , नगर पंचायत मोहनलालगंज के राधास्वामी नगर वार्ड नंबर 13 के मुरली नगर मुख्य मार्ग पर व्यापार मंडल अध्यक्ष व चैयरमेन प्रतिनिधि अजय पाण्डेय उर्फ सत्यम ने नवनिर्मित सीसी रोड का विधि विधान के साथ पूजाझपाठ व फीता काट कर उद्धघाटन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित जनों को पुष्प माला व अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया तदोपरांत न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज में निदेशक श्री गोपालज मिश्रा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती शशि प्रभा द्वारा बुकें भेंटकर एवं बच्चों ने प्रार्थना गीत गाकर स्वागत किया निदेशक जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि छात्रों को मार्गदर्शन देना जिससे बच्चे कार्यक्रम से प्रेरित होकर सही मार्ग चुन कर लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि श्री सतेंद्र पाल मधुसुदन त्रिवेदी सतेंद्र मिश्रा चन्द प्रकाश द्विवेदी धर्मेंद्र द्विवेदी शिवाकांत त्रिवेदी अजितेश मिश्रा लालू राकेश मिश्रा उर्फ फन्नू पवन त्रिवेदी सुशील मिश्रा पप्पू मिश्रा राजा त्रिपाठी अमित मिश्रा बृज किशोर दिक्षित भोला सिंह रितेश वर्मा राजू यादव शिवलाल जी प० योगेश बाजपेई आशीष द्विवेदी मोहनलालगंज दीपू सिंह अतरौली सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्ते ने मचाया आतंक, पांच लोगों को बनाया शिकार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ।एक गांव में एक कुत्ते ने दहशत फैला रखी है।हफ्ते भर में पांच लोग सहित तीन जानवरों को काट चुका है। किसी के पैर में तो किसी के घुटने में गहरे जख्म हो गए। ग्रामीणों ने डंडा फटकाकर कुत्ते को भगाया. घायल लोग रेबीज के इंजेक्शन लगवाने सीएचसी पहुंच रहे है।जिससे ग्रामीण बच्चों को घर के बाहर नहीं निकले दे रहे हैं।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदा मोअज्जम नगर में सोमवार सुबह खेत जा रहे किसान मजनू 45 वर्ष पर आवारा कुत्ते ने हमला कर काट लिया। आसपास खेत में काम कर लोगों ने किसी तरह लाठी फटका कर पागल कुत्ते को वहां से भगाया । जहां से भागकर गांव पहुंचे कुत्ते ने घर के बाहर धूप में बैठी 17 वर्षीय किशोरी प्रिंसी उर्फ बिट्टा सिंह पर हमला कर दिया। प्रिंसी के चीखने पर दौडे परिजनों ने कुत्ते को भगाया लेकिन तब तक प्रिंसी के पैर में काट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बीते रविवार को कोके 38 वर्ष खेत जाते वक्त, अमर कश्यप के पांच वर्षीय पुत्र ओम कश्यप घर के बाहर खेलते वक्त व घर के बाहर बंधी दो भैंसों व एक बकरी तथा सात दिन पहले घर के बाहर बैठे बुजुर्ग सागर 45 के पैर में आवारा कुत्ता काटकर घायल कर चुका है। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित है। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीण लाठी लेकर कुत्ते को ढूंढा लेकिन नहीं मिला।

पूर्व बीडीसी पप्पू कश्यप के मुताबिक कुत्ता पागल है और पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है ।अब तो सड़क पर कुत्तों को देखकर डर लगने लगा है।

### बच्चों के बीच आवारा कुत्ते का खौफ

गांव में कुत्ते का खौफ इस कदर छाया हुआ है कि लोग रात तो रात दिन में भी इस कुत्ते को देखकर रास्ता बदल लेने में ही गनीमत समझते हैं। कुत्ते के आतंक से स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को सबसे अधिक खतरा है। लोगों में सामाजिक कार्यकर्ता पवन कश्यप ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा की जल्द से जल्द इस आवारा कुत्ते की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस से ठोस कदम उठाया जाए।

# नगराम पुलिस ने गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



**अमन लेखनी समाचार**

नगराम। नगराम थाना क्षेत्र के अचली खेड़ा गांव निवासी अभिषेक कुमार 28 वर्ष के भाई संदीप कुमार द्वारा नगराम पुलिस को सूचना दी कि मेरा भाई जो रविवार को सुबह घर से अपनी दुकान मदारपुर के लिए निकला था और दुकान पर नहीं पहुंचा। हम लोगों ने काफी तलाश किया परंतु कहीं कुछ पता नहीं चला। सूचना पर गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आसपास के क्षेत्र व अन्य थाना क्षेत्र में तलाश करते हुए खुजौली चौराहा से निलमथा रोड पर गुमशुदा अभिषेक वर्मा को सकुशल बरामद कर पुलिस ने उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# दबंग किरायेदारों ने फायर झोंक किया जानलेवा हमले का प्रयास

**अर्धरात्रि पेट्रोल बम फेक घर में लगाए आग, बाल बाल बचा परिवार**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के गोलडेन सिटी अली नगर सुनहरा में रविवार रात दबंग किरायेदारों ने पड़ोस में रहने वाले युवक की जान लेने की नियत से असलहे से फायर झोंक दिया जिससे युवक बाल बाल बच गया। जिसपर घर को जला देने की धमकी दे मौके से चले गए और देर रात्रि पेट्रोल से कपडे में आग लगा मुख्य द्वार से घर में फेक दिया जिससे उनके घर का काफी नुकसान हुआ काफी मुश्किल से उनलोगो ने आग पर काबू पाया जिसके बाद कंट्रोल नंबर पर सूचना दे स्थानीय पुलिस चौकी को सूचना दी ।पीड़ित की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने सोमवार को दोनों युवको के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर क्षेत्र के गोल्डन सिटी अलीनगर सुनहरा निवासी मनोज मिश्रा के अनुसार उनके पड़ोस में रहने वाले श्रीवास्तव के मकान में किराये पर समीम खान और योगेश यादव नामक दो युवक रहते है जो अराजकतत्व है और मोहल्ले में रहने वाली लड़कियों पर छींटाकशी करते रहते है। कई बार मना करने पर भी ये लोग नहीं मानते है इसी रंजिश के चलते रविवार रात्रि करीब 9 बजे जान से मारने की नियत से पीड़ित के सिर पर असलहे से फायर कर दिया जिससे वह बाल बाल बच गया पुन ईट से हमला कर सिर दो जगहे से फोड़ लहूलुहान कर दिया और असलहा लहराते हुए भाग निकले। पुनः तड़के करीब तीन बजे घर मे पुराने कपड़े मे पेट्रोल डाल कर गेट के ऊपर से घर में फेक दिया जिससे आग लग गई और काफी सामान और अनाज, कपड़े जल गये। मौका रहते पीड़ित परिवार ने आग पर काबू पा लिया और कंट्रोल नंबर पर सूचना देते हुए स्थानीय चौकी प्रभारी को घटना की जानकारी दी। पीड़ित की नामजद शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस सोमवार को आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से साईकिल सवार युवक की हुई मौत

उन्नाव। लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे का नवीन मंडी के पास एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी।हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है शिनाख्त के प्रयास कर रही है।बता दे कि सोमवार की दोपहर लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे से एक साइकिल सवार युवक जा रहा था इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिनाख्त करने के प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया है और जांच पड़ताल में जुटी है।

### एक्सरे चिकित्सा इकाई का एस डी एम ने किया शुभारंभ

सुमेरपुर, उन्नाव।उपजिलाधिकारी बीघापुर ने पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे चिकित्सा इकाई का शुभारंभ किया। एक्स-रे चिकित्सा इकाई का शुभारंभ करते हुए उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा शासन द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखते हुए मरीज के लिए निशुल्क व्यवस्थाएं लगातार की जा रही है। अब मरीज बाहर से अधिक पैसे ना देकर स्वास्थ्य केंद्र में ही निशुल्क एक्सरे मशीन की रिपोर्ट लेकर लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर चिकित्सालय अधीक्षक सुशील कुमार वर्मा,चिकित्सा अधिकारी डॉ बृजेश वर्मा,एक्सरे टेकनीशियन देवेश वर्मा,फार्मासिस्ट प्रवीन कुमार,पीयूष सिंह,प्रकाश चंद्र, अश्वनी पांडे, प्रियंका यादव सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव हयासपुर निवासी एक युवक का शव गांव से थोड़ी दूर एक बाग के पेड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला।जिसकी जानकारी होने पर परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जाँच कर रही है।हयासपुर गांव निवासी शिवपाल का लगभग बाइस वर्षीय पुत्र अनूप रविवार को घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा तो घरवालों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को फिर खोजबीन शुरू हुई इसी दौरान गांव से दूर एक बाग के पेंड़ में अनूप का शव लटका होने की जानकारी हुई।परिजनों के पहुँचने पर पहचान होते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू करते हुए विधिक कार्यवाही के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। ध्वज जन कल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में। शहर के मिश्रा कॉलोनी पुराने यातायात पुल चौराहे पर व्यापारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मोमबत्तियां जलाई और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे इस अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया।प्रदर्शन के दौरान प्रमुख वक्ता रवि शंकर गुप्ता ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे एक अमानवीय कृत्य करार दिया और केंद्र सरकार से बांग्लादेश में फंसे हिंदुओं को सुरक्षित भारत लाने की मांग की। गुप्ता ने कहा कि यह स्थिति बिल्कुल असहनीय है और भारत सरकार को इस पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए।रवि शंकर गुप्ता ने कहा, ₹भारत ने बांग्लादेश को जन्म दिया था, और आज वही बांग्लादेश भारत को आंखें दिखा रहा है। यह हमारी सरकार की कमजोरी को दशार्ता है। अब भारत सरकार को इस स्थिति को सख्ती से निपटने के लिए बांग्लादेश में अपनी सेना भेजनी चाहिए ताकि वहां रह रहे हिंदुओं की रक्षा की जा सके।₹प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू समाज के खिलाफ हो रहे अत्याचारों का खुलकर विरोध किया और इसकी समाप्ति की मांग की। वे केंद्र सरकार से अपील कर रहे थे कि वह बांग्लादेश से हिंदू समुदाय के लोगों को सुरक्षित रूप से भारत लाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए ताकि वहां हिंदू समाज को सुरक्षित माहौल मिल सके।प्रदर्शन में शामिल लोगों ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी निंदा होनी चाहिए। कई लोग यह भी मानते हैं कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते हमलों के कारण हिंदू समाज के लोग अब अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।इस प्रदर्शन में ध्वज जन कल्याण सेवा समिति के प्रमुख सदस्य गौरव गुप्ता, राम सिंह, रविंद्र पाल, हरि, सुंदर लाल, शिव बहादुर, जतिन, अशोक, मोहित, रोहित और अरुण सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे। इन सभी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ

# ड्रोन कैमरे की मदद से अवैध कच्ची शराब की भट्ठियों को किया गया नष्ट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर काबू पाने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। एसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेम चंद्र और क्षेत्राधिकारी सफीपुर माया रॉय के पर्यवेक्षण में थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने एक साथ मिलकर अभियान चलाया।ड्रोन कैमरे की मदद से अवैध शराब की भट्ठी का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में करीब 50 लीटर लहन भी नष्ट किया गया, जिससे अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर करारा प्रहार किया गया।इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार को समाप्त करना और लोगों को शराब के खतरनाक प्रभाव से बचाना था। शराब की अवैध भट्टियों पर लगातार कार्रवाई करने के बावजूद, यह समस्या बढ़ती जा रही



थी, जिससे पुलिस ने नई तकनीकों का उपयोग करना शुरू किया। ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल कर पुलिस ने इलाके की निगरानी बढ़ाई और छिपे हुए स्थानों पर अवैध शराब के निर्माण की सटीक जानकारी प्राप्त की।ग्राम दोस्तपुर शिवली में पुलिस और आबकारी टीम ने गहनता से तलाशी ली, जिसके बाद वहां अवैध कच्ची शराब की भट्ठी का पता चला। यह भट्ठी एक सुनसान इलाके में छिपी हुई थी, जहां शराब निर्माण की गतिविधियां चल रही थीं। टीम ने मौके पर पहुंचकर शराब की भट्ठी को नष्ट किया और करीब 50 लीटर लहन, जिसे कच्ची शराब बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था, उसे भी नष्ट कर दिया।इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने इस बात का भी ध्यान रखा कि इलाके में किसी प्रकार की अशांति न फैले और सब कुछ शांतिपूर्वक तरीके से किया जाए। पुलिस ने यह भी सुनिश्चित किया कि इस अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जाए। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर काबू पाया जा सकेगा, और स्थानीय जनता को शराब के खतरनाक प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

# प्रबुद्ध जनों ने बैठक कर किया विचार विमर्श

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित कृष्णा भूषण वेद वेदांग विद्यालय में प्रबुद्ध जनों ने एक बैठक कर विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थित शरद अग्रवाल ने कहा आज प्रबुद्ध किसे कहा जाए यह विचारणीय है। इस पर हर ईपुर विद्यालय केपूर्व प्रधानाचार्य श्री राम दत्त कनौजिया ने कहा जो मनुष्य समाज हित में निरंतर चिंतन करता है और आध्यात्म भाव से जीवन यापन करते हुए पर हित में सदैव जीवन व्यतीत करता है उसे ही प्रबुद्ध कहा जाता है। बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज के समय में सभी प्रबुद्ध हैं। ज्ञानेश द्विवेदी ने शिक्षकों ,अधिवक्ताओं, पत्रकारों कवियों, लेखकों को प्रबुद्ध वर्ग माना।इस पर नन्हेंलाल प्रजापति ने समर्थन व्यक्त



किया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित विनय विप्र ने अपेक्षा व्यक्त की ,बांगरमऊ जैसे जनपद के प्रमुख नगर में सभी प्रबुद्ध जनों को एकसाथ एकत्रीकरण करना चाहिए।इसमें क्षेत्र के सभी संभ्रांत नागरिकों को आमंत्रण देना चाहिए।

# दुर्घटना के बाद जागा विभाग, पुलिया पर पत्थर का किया गया पैचवर्क

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया की स्लेब धंसने के कारण बड़ा गड्ढा हो गया था, जिससे खेत जा रही एक युवती अनियंत्रित होकर उससे नीचे गिर गयी और वह जिंदगी मौत से लड़ रही है। अब एनएचएआई ने संज्ञान में लिया और पुलिया पर पत्थर का पैचवर्क करा दिया है।जानकारी के अनुसार त्रिभुवनखेड़ा निवासी फूलचन्द्र की बेटी नेहा खेत पर जाने के लिए त्रिभुवनखेड़ा पुलिया से होकर जा रही थी। पुलिया किनारे बने एक गड्ढे में पैर पड़ने से स्लेब धंस गई और युवती नीचे गहराई में जा गिरी। पुलिया के नीचे गिरने से युवती के हाथ व पैर में फ्रैक्चर आया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।मामला सोशल मीडिया पर बढ़ा



तो एनएचएआई विभाग के जिम्मेदार हरकत में आये। त्रिभुवन खेड़ा पुलिया पर बने गड्ढ़ों को बंद करने के लिए विभाग ने पत्थर ढाल कर मरम्मत कार्य किया। विभाग की पैचवर्क मरम्मत एक हादसे के बाद महज औपचारिकता की खाना पूरी है।हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया से खेत जाने के दौरान नीचे गिरी नेहा की हालत गंभीर बनी हुई है और वह जिंदगी मौत से जूझ रही है। हालांकि की इलाज अभी जिला अस्पताल में चल रहा है।त्रिभुवन खेड़ा पुलिया से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन निकलते हैं, पुलिया जर्जर होने के कारण छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने से पुलिया में कंपन होता है। एनएचएआई विभाग की लापरवाही के कारण किसी ने हाइवे पर बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि पुलिया का स्ट्रैक्चर पूरी तरह से कमजोर हो चुका है।

# सहस्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर एवं बाबा शाह तकिया मेले का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।सदियों से परम्परागत रुप से सर्व धर्म समभाव की अनवरत्ज्योति जलाता चला आ रहा सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मन्दिर एवं बाबा मोहब्बत शाह तकिया मेला का शुभारम्भ दिनांक 19 दिसम्बर 2024 दिन गुरुवार से हो रहा है जिसमें अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला के साथ जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा करेंगे। विशिष्ट अतिथिगण अपर जिलाधिकारी न्यायिक विकास सिंह व अपर जिलाधिकारी ( वि०/रा० ) सुशील कुमार गौड को बनाया गया है। मेलाधिकारी उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह व तहसीलदार अरसला नाज की देखरेख में समस्त कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम की रुपरेखा में दिनांक 19 दिसंबर दिन गुरुवार को मुख्य अतिथि आशुतोष शुक्ला जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक तथा मेलाधिकरी द्वारा मेला का उद्घाटन तथा मजार पर चादर बढ़ाने एवं श्री सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन एवं आरती का कार्यक्रम रखा गया है। 23 दिसंबर दिन सोमवार कोआल्हा गायन, 24 दिसम्बर दिन मंगलवार को कठपुतली एवं जादू ,25 दिसम्बर दिन बुधवार ,क्रिसमस डे कृष्ण जी पर आधारित झांकी एवं लखनऊ नृत्य, 26 दिसम्बर दिन गुरुवार लोकगीत नीलम सिंह प्रतापगढ़, 27 दिसम्बरदिन शुक्रवार आल्हा ( साहित्यिक ), शत्रुहन यादव व शालिनी के मध्य ( जवाबी ), 30 दिसम्बर दिन सोमवार लोक नृत्य व लोकगीत गायन,दिनांक 31 दिसम्बर दिन मंगलवार इन्दू गुप्ता ( वरिष्ठ लोक गीतकार ) गोरखपुर,दिनांक 02 जनवरी दिन गुरुवार चेतना चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा नृत्य कार्यक्रम व पाईडण्डा ( महोबा ),दिनांक 05 जनवरी दिन रविवार कवि सम्मेलन एवं मुशायरा तथा आशुतोष शुक्ला विधान सभा सदस्य उ०प्र० द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तदुपरान्त प्रीतिभोज व कार्यक्रम समापन का आयोजन किया गया है।

# टॉप 25 लोगों को बेस्ट सोसल मीडिया इंफ़्लूंसर व क्रिएटर के अवार्ड से नवाजा गया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। टर्बो इवेंट उन्नाव बाजार और पिज्जा फैट्री के ओर से शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया टॉप 25बेस्ट क्रिएटर इंफ़्लाइंसर अवार्ड 2024,जिसमे उन्नाव कानपुर लखनऊ व अन्य जनपदों से आए हुए सोसल मीडिया क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया कार्यक्रम आयोजक सलमान शफीक ने बताया की उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से 25 से ज्यादा इन्फ़्लूएंसर आये जिसमे लखनऊ से जाने माने क्रिएटर्स में शाह आलम, उस्मान उल्ला खान, अभिषेक टेक्नो, जुएब खान, परी टाकुर, चाय वाला शायर, जोमैटो वाले शायर, आदि शामिल हुए तो वही कानपुर से फिटनेस इन्फ़्लूएन्सर करण कपूर,




आयुषी राजपूत, संस्कृति शुक्ला, श्रेया गुप्ता को पुरस्कृत किया गया इस अवार्ड शो में उन्नाव उन्नाव जनपद से रुचि सिंह, सब्जी विक्रेता रिंकी वर्मा, दीपांजलि, मुनीजा राशिद, विशाखा श्रीवास्तव, कपिल मिश्रा, अर्पण सिंह, विकास पटेल, व औषी तिवारी को भी बेस्ट क्रिएटर के अवार्ड से नवाजा गया । आयोजक यूसुफ खान ने बताया की इस अवार्ड शो का ये हमारा पहला सीजन है आगे भी हम इस तरह से प्रोग्राम करके सभी इन्फ़्लूएंसर्स और क्रिएटर का हौसला बढ़ाएँगे । कार्यक्रम का सफल संचालन कॉमेडियन लक्ष्य निगम ने किया!!

# 37 निराश्रित महिलाओं को एसडीएम ने वितरित किया कंबल




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के सभागार में उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने 37 निराश्रित महिलाओं को कंबल वितरित किया। लगातार ठंड के प्रकोप को बढ़ते देख व निराश्रित लोगों को ठंड से बचाने के लिए तहसील सभागार में कंबल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें 37 निराश्रित महिलाओं को उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह व तहसीलदार अरसला नाज की उपस्थिति में कंबल वितरित किये गए। कंबल पाकर निराश्रित महिलाओं के चेहरे में खुशी आ गई।

# तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।विकास खंड के उनवा गांव स्थित ऐतिहासिक थानापति देवी मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का विधिवत पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में देशभर से आए संतों और महात्माओं ने श्रद्धालुओं को जीवन में सद् ?गुण अपनाने का संदेश दिया।समारोह के पहले दिन आचार्य देवी प्रसाद त्रिपाठी ने जीवन में उदार चरित्र निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य को काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसे दुगुर्णों से दूर रहकर जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। साध्वी राखी ने विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने की आवश्यकता बताई। वहीं, साध्वी नीलम शास्त्री ने राम विवाह की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।सत्संग से पहले भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। स्वामी राम स्वरूप ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में यह यात्रा विभिन्न मंदिरों से होती हुई पौराणिक भुवनेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान राम भक्तों ने पारंपरिक गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी प्रेमचंद्र, एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ माया राय, सीडब्ल्यूसी चेयरमैन प्रीति सिंह, आचार्य राजप्रकाश, आरएसएस के रामनरेश और विश्व हिंदू परिषद के अविनाश मौजूद रहे। उन्होंने अपने प्रवचनों में समाज को एकता, धर्म और नैतिकता का संदेश दिया।इस तीन दिवसीय सत्संग समारोह में विभिन्न धार्मिक कथाओं और प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्मिकता और सदाचार का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# खेत का बैनामा कराने के बाद 4 लाख रुपए डकारे, सीएम से हुई शिकायत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के गांव भुड्डा निवासी सियादुलारी पत्नी रामचंद्र ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि उसने गांव खारपुरवा निवासी विक्रेता नीलम पत्नी राजू से एक किता खेत का बैनामा बीते 5 नवंबर को कराया था इस भूमि खरीद के मध्यस्थ लोगो के बीच तय हुई 4 लांख की नगदी भी विक्रेता को दे दिया ।पीड़िता का आरोप है जब एक माह बाद उसके पति बैनामे के दस्तावेज घर लेकर पहुंचे तो पढ़ने पर पता चला कि विक्रेता ने अपने खाते में तीन लाख रुपए भेजे जाने की बात स्वीकारी गई है इसके साथ ही जब वह दिखाए गए खेत पर काबिज होने गई तो अन्य लोगों ने विक्रेता का खेत होने से मना कर लौटा दिया जिसके बाद वह विक्रेता के घर पहुंचे तो उसने लेखपाल से नाप करवा लेने की बात कहते हुए दोबारा पास ना आने की नसीहत देते हुए जानमाल की धमकी देकर भगा दिया। आहत पीड़ित ने गांव साईपुर सगौडा निवासी दो मध्यस्थ लोगो से बात की तो उन्होंने गवाही देने की बात कहते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाए जाने की सलाह दी गई। पीड़ित ने विक्रेता पर रुपया के लेनदेन व लिखापढ़ी में गड़बड़ी करने,तथा भूमि मांगने पर गाली गलौज व जानमाल की धमकी ,फर्जी बैनामा करने आदि आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई है साथ ही बैनामे की राशि व लिखापढ़ी में आए खर्च को वापस दिलाए जाने की मांग करते हुए न्यायोचित कार्यवाही की मांग की गई है।

## जेबकतरे ने ई रिक्शा चालक को झांसे में रख तीस हजार उड़ाए

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। ई रिक्शा चालक को झांसे में लेकर सवारी के रूप में बैठे जेबकतरे ने 30000 की नगदी पार कर दी पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। थाना फतेहपुर चौरासी के गांव जाजामऊ गैर एहतमाली निवासी रामशंकर ने बांगरमऊ पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि सोमवार को सुबह ई रिक्शा से सब्जी लेकर अपने घर लौट रहा था तभी माढापुर रोड से एक अंजान व्यक्ति ने उसे साथ ले चलने का अनुरोध किया जिससे साथ बैठा व्यक्ति रास्ते में गांव मुझहैया के निकट उतर गया जिसके बाद घर पहुंचने पर देखा तो उसकी जेब कटी हुई थी तथा उसमें रखी 30,000 की नगदी गायब थी। पीड़ित ने पुत्र अभिषेक कुमार के साथ थाने पहुंच पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बीघापुर इकाई की बैठक सोमवार 12बजे दोपहर शिव मंदिर तहसील परिसर बीघापुर पाटन में आहुत की गई है। बैठक में मुख्य रूप से उन मुद्दों की चर्चा की गई जिन मुद्दों पर केवल सरकारी आश्वासन मिला लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बैठक उपरांत विभिन्न लंबित मामलों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह को दिया गया। लंबित पड़े मामलों में कुशहा में शारदा सहायक नहर से देवारा माइनर में रास्ता देने ,गंगा एक्सप्रेसवे से बिहार मौरावां रोड में स्लिप रोड द्वारा चढ़ने और उतरने का मार्ग देने ,बैसवारा रेलवे स्टेशन पर धरने में दिए गए आश्वासन पर कोई भी कार्य धरातल पर न होने ,एन एच 31 से गणेशी खेड़ा के पास से लेकर बिहार थाने के पास तक कट मार्ग न दिए जाने के ,किसान अजय बाजपेई के ग्राम सभा गौरा में भूमि धरी 1744 गाटा संख्या में लेखपाल राजेश गौड़ द्वारा ठेकेदार से मिलकर अवैध खनन तालाब के रूप में कराने सहित अन्य मुद्दे छाए रहे। किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह व तहसील अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया यदि इन मामलों का शीघ्र कोई हल न निकला तो किसान यूनियन फिर से आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएगा। इस अवसर पर राम प्रकाश गुप्ता, मीना तिवारी, लाला यादव, राकेश सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# शाहजहांपुर में भाकियू ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

### जर्जर मार्ग को ठीक कराने और ग्राम समाज की जमीन कब्जा मुक्त कराने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में भाकियू के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। जिले की अलग-अलग समस्याओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि पुवायां के भटियूरा गांव में ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। कटरा के सियूरा मार्ग सैलाब से कट गया है। रोड नीचे से खोखला हो गया है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उस रोड को बनवाया जाए। प्रशासन ने मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष भरत सिंह यादव दर्जनों पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच गए। यहां उन्होंने जिले की अलग-अलग समस्याओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। उनकी मांग है कि पुवायां के भटियूरा गांव में ग्राम समाज की जमीन



पर धर्मशाला और खाद की दुकानें बना ली गईं। ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए कई बार आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की। लेकिन कानून गो ने फर्जी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी। उनकी मांग है कि जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। कटरा के सियूरा मार्ग पर सैलाब का पानी आने से कटान हो गया है। रोड अंदर से खोखला गया है। इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उस मार्ग को ठीक कराया जाए। पुवायां तहसील में डाक बंगला बना हुआ है जो बहुत दयनीय स्थिति में है। तत्काल उसकी नई बिल्डिंग बनाई जाए। समूह लोन का व्यक्ति ने पैसा पीलीभीत के व्यक्ति को देकर जमा कराया। लेकिन उसने 40 हजार रुपए जमा नही किया। अब बैंक पीड़ित से रुपए मांग रहा है। रुपए लेने वाले पर कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बंडा-पुवायां मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। जिससे हादसे होने का डर है।

## सम्पादकीय

# संतान माता-पिता की संपत्ति नहीं

संतान कोई संपत्ति नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कहकर लाखों ऐसे माता-पिता के लिए नजीर पेश की है, जो संतान को अपनी संपत्ति की तरह ट्रीट करते हैं और बच्चों की भलाई के नाम पर उनके जीवन को या तो नियंत्रित करते हैं या दखल देते हैं। आज भी हमारी परिवार व्यवस्था ऐसी है, जिसमें माता-पिता व अभिभावक अपने बच्चों के साथ अपनी जागीर की तरह व्यवहार करते हैं। खानपान व पहनावे से लेकर करियर निर्धारण तक में अपने विचार व पसंद थोपते हैं। अभिभावक अक्सर बच्चों के व्यक्तित्व के स्वतंत्र विकास व जीवन संबंधी निर्णय में बाधक बनते हैं। बच्चों के गाइड करने व नियंत्रित करने के बीच बारीक अंतर है। माता-पिता व अभिभावक का काम है अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व के विकास में मदद करें, उन्हें सही-गलत में फर्क बताएं, जीवन को देखने का नजरिया दें, उनकी शिक्षा में सहायता करें, उन्हें काबिल बनाएं। इस प्रक्रिया में अपने विचार न थोपें, अपनी पसंद व नापसंद न लादें, अपने लक्ष्य की पूर्ति बच्चों से न कराएं। गार्जियन के तौर पर गाइड करें, गाइडलाइन जारी न करें। करियर चुनने की भी आजादी अपने बच्चों को दें। विवाह के मामले में भी अपने बच्चों के फैसले को स्वीकार करें। विवाह के वक्त एक लड़की के नाबालिग रहने के आधार पर उसके 'पार्टनर' के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दायर याचिका खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय ने युवती के माता-पिता को दो टूक कहा कि संतान कोई संपत्ति नहीं है, आपको संतान को कैद करने का अधिकार नहीं है। दरअसल लोगों को अपनी संतान को एक संपत्ति मानना बंद करना चाहिए, अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार करना चाहिए और उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए। बालिग युवक-युवती अपने फैसले के सही या गलत होने की बात समय के साथ खुद समझेंगे, इसमें अभिभावक के लिए कुछ खास नहीं है। देश में हमारी सामाजिक व्यवस्था और परिवार सिस्टम में अधिक खुलेपन की आवश्यकता है। सोच के स्तर पर भी और व्यवहार के स्तर पर भी। अगर हम शैक्षिक रूप से प्रगति कर रहे हैं, जीवन स्तर पर प्रगति कर रहे हैं तो हमें सोच के स्तर पर भी प्रगतिशील होना चाहिए। गार्जियनशिप संतान पर बोझ की तरह नहीं होनी चाहिए। आज देश के कई हिस्से में ऑनर किलिंग होती है, लोग अपनी ही संतान के दुश्मन बन जाते हैं। अज्ञात सामाजिक व बिरादरी के भय के नाम पर माता-पिता व अभिभावक मनमर्जी से विवाह कर लेने पर संतान की जान ले लेते हैं। यह परिवार व्यवस्था के लिए अभिशाप है, सभ्य समाज पर कलंक है। आखिर हम कैसा समाज चाहते हैं, कैसा परिवार निर्माण करते हैं, जिसमें बच्चों के विचार व फैसले का मान नहीं है। बच्चों पर अभिभावक की इच्छा का इतना दबाव रहता है, कई बच्चे शिक्षा ग्रहण के दौरान ही खुदकुशी कर लेते हैं। नंबर का दबाव, करियर का दबाव से लेकर जीवनसाथी थोपने तक का दबाव बच्चे झेलते हैं। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक बच्चों की आत्महत्या के पीछे ये सब कारण भी रहते हैं। अगर हम चाहते हैं कि बच्चे अच्छे नागरिक बनें, उनके व्यक्तित्व का विकास हो, मजबूत इरादे के बनें, स्वतंत्र निर्णय लेने वाले बनें तो हमें परवरिश सिस्टम में बदलाव करना चाहिए, माता-पिता व आभिभावकों को अपनी संतान पर अपने फैसले का बोझ नहीं लादना चाहिए। बच्चों का मार्गदर्शन करें, उनके जीवन की कमान न संभालें। उनका आत्मबल बढ़ाएं, उन्हें कमजोर न करें। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी करोड़ों अभिभावकों के लिए नसीहत है।



विचार

डॉ. रमन सिंह

मुझे आज भी श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी का सप्रेशाला मैदान, रायपुर की सभा में वो उद्बोधन याद है, जहाँ उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा था कि "आप मुझे 11सांसद दो और मैं आपको छत्तीसगढ़ दूंगा।" वर्ष 1998 में बारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति संकल्प लिया गया था और इसी तारतम्य में "मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक" लोकसभा में 31 जुलाई 2000 तथा राज्यसभा में भी 09 अगस्त 2000 को पारित हुआ। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उपरांत 01 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से पृथक होकर देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान और छत्तीसगढ़वासियों को आकांक्षाओं को सम्मान मिला।

# 24 वर्षों से विधान निर्माण के नव आयाम स्थापित कर रही छत्तीसगढ़ विधानसभा

1 नवम्बर 2000 का दिन जब केवल भारत के मानचित्र पर कुछ नई रेखाएं नहीं खिंची गई बल्कि डॉ. खूबचंद बघेल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, श्री हरि ठाकुर, श्री केयूर भूषण, श्री केशव सिहं ठाकुर औरश्री चंदूलाल चंद्राकर जैसे महापुरुषों के दशकों के प्रयासका प्रतिफल रहा किपृथक छत्तीसगढ़ राज्य की मांग के लिए मध्यप्रदेश विधान सभा में सर्वप्रथम श्री महेश तिवारी (सदस्य, जनता पार्टी) द्वारा 28 जून सन् 1991 को मध्यप्रदेश राज्य को तीन पृथक प्रदेशों में विभाजित कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हेतु केन्द्र से अनुरोध किये जाने हेतु प्रस्तुत अशासकीय संकल्प अस्वीकृत हो गया। इसके बाद इसके बाद श्री गोपाल परमार ने 18 मार्च 1994 को एक अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया –"सदन का यह मत है कि मध्यप्रदेश के विस्तृत क्षेत्र, भाषा, सांस्कृतिक परंपराएँ, कानून व्यवस्था तथा जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ क्षेत्र को अलग कर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाये जाने की शासन आवश्यक पहल करें।'' इस पर तीन घंटे की चर्चा उपरांत संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत हुआ। फिर 15 अप्रैल 1998 को मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन मंत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने मध्यप्रदेश विधान सभा में 15 अप्रैल 1998 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के निर्णय पर भारत सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किये जाने का शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया जो पारित हुई।

मुझे आज भी श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी का सप्रेशाला मैदान, रायपुर की सभा में वो उद्बोधन याद है, जहाँ उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा था कि "आप मुझे 11सांसद दो और मैं आपको छत्तीसगढ़ दूंगा।" वर्ष 1998 में बारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति संकल्प लिया गया था और इसी तारतम्य में "मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक" लोकसभा में 31 जुलाई 2000 तथा राज्यसभा में भी 09 अगस्त 2000 को पारित हुआ। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उपरांत 01 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से पृथक होकर देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान और छत्तीसगढ़वासियों को आकांक्षाओं को सम्मान मिला।

आजादी के पूर्व से छत्तीसगढ़ प्रान्त के संसदीय ज्ञान और लोकप्रिय नेताओं का सदन में रहा है प्रतिनिधित्व।

छत्तीसगढ़ को भले ही भारत के नक़्शे में पहचान सन 2000 में मिली लेकिन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व आज़ादी के पूर्व से सीपी एंड बरार में दिखाई देता रहा, जब पहली बार 31 अप्रैल 1937 को दुर्ग के संजारी बालोद से चुनाव जीतकर घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष चुने





गए। श्री गुप्त जी लगातार 3 बार (1937-1952) 15 वर्षों तक विधानसभा अध्यक्ष पद को सुशोभित करते रहे।

इसके साथ ही जब 1935 के भारत शासन अधिनियम के अनुसार विधानसभा की भाषा आवश्यक रूप से अंग्रेजी थी तब श्री गुप्त जी ने 1937 में विधानसभा की भाषा हिंदी और मराठी कर दी, अपनी मातृभाषा के प्रति तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष श्री घनश्याम सिंह गुप्त जी का समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रेम ही था, जिसकी वजह से वह न केवल संविधान सभा के सदस्य बने बल्कि विधानसभा के द्वारा उन्हें संविधान के हिंदी ड्राफ्ट कमेटी का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की इच्छा के अनुरुप उन्होंने 2 वर्ष 6 माह के अंतर्गत भारतीय संविधान का हिंदी ड्राफ्ट प्रस्तुत किया। सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के सदन में छत्तीसगढ़ प्रान्त के दिग्गज नेताओं की प्रमुख भूमिका थी। यह अद्भुत संयोग था कि छत्तीसगढ़ अंचल के पं. रविशंकर शुक्ल सदन के नेता (मुख्यमंत्री) के रूप में थे, छत्तीसगढ़ अंचल के ठाकुर प्यारेलाल सिंह नेता-प्रतिपक्ष और उसी समय श्री घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर थे।मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में इसी अंचल के दुर्ग से श्री विश्वनाथ यादव राव तामस्कर, श्री श्यामाचरण शुक्लभी रहे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ अंचल के श्री मोतीलाल वोरा दो बार मध्यप्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री हुए। वर्ष 1985-90 में छत्तीसगढ़ के स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे।

लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्यों एक पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की आवश्यकता पड़ी? जब छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व इतना मजबूत था और छत्तीसगढ़ के नेताओं का इतना प्रभाव था तब क्यों इस प्रदेश के लोगों के मन में एक पृथक राज्य की भावना थी। इसके लिए जब हम इतिहास के पन्ने पलट कर देखते हैं तब संयुक्त मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ का क्षेत्र खनिज और अन्य संपदाओं से भरपूर होने के उपरांत भी वंचित और उपेक्षित नजर आता है,क्योंकि भोपाल स्थित विधानसभा तक हमारे क्षेत्र की आवाज को पहुंचाना और जनकल्याणकारी योजनाओं से इस अंचल को जोड़ना बहुत कठिन था। यह एक ऐसा दौर था जब हम अगर कवर्धा के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा से 5 लाख रुपए की सड़क भी स्वीकृत करवा लाते थे तब वह एक बड़ी उपलब्धि हुआ करती थी। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सिर्फ एक नए राज्य का निर्माण नहीं था बल्कि सुकमा से सरगुजा तक निवासरत इस पूरे क्षेत्र के लोगों को नई आवाज़ देने और उनके अधिकारों को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए एक पृथक पटल भी उपलब्ध किया गया।

14 दिसम्बर सन 2000 को नए छत्तीसगढ़ में जन-जन की आवाज को एक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना हुई, छत्तीसगढ़ गठन के समय विधानसभा के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां थी। उपयुक्त भवन, संसाधनों की कमी एवं संसदीय विद्या के पारंगत अनुभवियों की कमी के बावजूद छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रथम चार दिवसीय ऐतिहासिक सत्र 14 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2000 तक रायपुर स्थित राजकुमार कालेज के जशपुर हॉल में अस्थायी तौर पर निर्मित सभा भवन में संपन्न हुआ। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ विधानसभा को रायपुर बलौदाबाजार मार्ग पर बरोंदा गांव स्थित भारत-सरकार के जल-ग्रहण मिशन संस्थान के लिए बने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित

## जन्मशती

विवेक शुक्ला




# शोमैन राज कपूर की 'अब दिल्ली दूर नहीं'

शायद दिल्ली के साथ राज कपूर का पहला जुड़ाव 1957 में शुरू हुआ था, जब उन्होंने 'अब दिल्ली दूर नहीं' फिल्म का निर्माण किया था। इसकी पटकथा प्रसिद्ध लेखक राजेंद्र सिंह बेदी ने लिखी थी। फिल्म में अभिनेता मोतीलाल थे, जो नई सड़क से थे। फिल्म में युवा अमजद खान भी थे, जिन्होंने बाद में गब्बर सिंह के रूप में अपार लोकप्रियता हासिल की। 'अब दिल्ली दूर नहीं' में दिल्ली के दृश्य दिखाए गए थे, जिनमें यमुना नदी पर बना पुराना लोहे का पुल, दरियागंज और कनॉट प्लेस शामिल थे। फ़िल्म इतिहासकार डॉ. मनीष चौधरी कहते हैं, 'राज कपूर के लिए दिल्ली उनके दूसरे घर जैसा था क्योंकि उनकी पहली बेटी, रितु कपूर नंदा की शादी यहीं हुई थी। इसके अलावा, वे आरके बैनर की फ़िल्मों के प्रीमियर के दौरान हमेशा यहां आते थे।' आज 14 दिसंबर को देश राज कपूर की जन्म शती मना रहा है। अफ़सोस, राज कपूर का निधन भी 1988 में यहीं हुआ था। उन्हें 2 मई, 1988 को, तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन द्वारा सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके तुरंत बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही थी और उन्हें एम्स में भर्ती किया। एम्स के डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उनकी मृत्यु का कारण उनके अस्थमा से जुड़ी जटिलताओं को बताया गया।



राज कपूर हमेशा चाहते थे कि उनकी फ़िल्में रीगल या मोती पिक्चर हॉल में रिलीज़ हों। रीगल शायद नई दिल्ली का पहला सिनेमा हॉल था और राज कपूर के दिल में इसका एक खास स्थान था। उनके पिता, पृथ्वीराज कपूर ने भी रीगल में नाटकों में अभिनय किया था। अपने शुरुआती दिनों में, रीगल में अंग्रेजी और हिंदी दोनों प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया जाता था। रीगल 2017 में बंद हो गया था। मोती थोड़ा बाद में बंद हुआ। दिल्ली के साथ राज कपूर का रिश्ता 1970 में और गहरा हो गया, जब उनकी सबसे बड़ी बेटी, रितु ने एस्कॉर्ट्स ग्रुप के चेयरमैन एच.एस. नंदा के बेटे राजन नंदा से शादी की। नंदा परिवार भारत की स्वतंत्रता के बाद लाहौर से दिल्ली आ गया था। लाहौर में उनकी एक प्रमुख परिवहन कंपनी थी जिसका नाम नंदा ट्रांसपोर्ट था। रितु के दिल्ली में शिफ्ट होने के बाद, राज कपूर जब भी शहर में होते थे तो अक्सर जोर बाग में उनके घर जाते थे। राजन नंदा बाद में अमिताभ बच्चन के समधी बने जब उनके बेटे, निखिल नंदा ने श्वेता बच्चन से शादी की। आज, निखिल नंदा एस्कॉर्ट्स ग्रुप के चेयरमैन हैं। राज कपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर राज्यसभा के लिए 1952 में मनोनीत किए गए थे। पृथ्वीराज कपूर ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कहने पर सांसद का पद स्वीकार किया था, जिन्होंने कला और संस्कृति के मामलों पर उनकी सलाह मांगी थी। पृथ्वीराज कपूर को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की स्थापना का सुझाव नेहरू को देने का श्रेय दिया जाता है। फिल्म लेखक डॉ. रविन्द्र कुमार बताते हैं कि पृथ्वीराज कपूर अक्सर संसद के दौरान दिल्ली में रहते थे। वे बाद में अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी करने के लिए मुंबई लौट जाते थे। रितु कपूर के बाद, राज कपूर की पोती और रणधीर कपूर की बेटी करिश्मा कपूर की शादी भी राजधानी में हुई। करिश्मा के पति संजय कपूर राजधानी के एक बहुत ही धनी और जाने-माने परिवार से हैं। हालांकि, करिश्मा और संजय में तलाक हो गया था। इस बीच, राज कपूर की एक और पोती, रिद्धिमा कपूर ने दक्षिण दिल्ली के एक व्यवसायी भरत साहनी से शादी की। रिद्धिमा ऋषि कपूर की बेटी हैं। शशि कपूर की बेटी, संजना कपूर ने लेखक और वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर से शादी की। वे दिल्ली में मालचा मार्ग पर रहते हैं। राज कपूर के छोटे भाई शम्मी कपूर कनॉट प्लेस के प्लाजा सिनेमा हॉल में फिल्म निर्माता एफ.सी. मेहरा के साथ भागीदार थे। शम्मी कपूर ने बाद के वर्षों में अपनी हिस्सेदारी बेच दी।

## शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी। सिर्फ बुद्धि की कमी होने पर ही आपको लोगों को बताना पड़ता है कि क्या नहीं करना है।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### बड़ी संख्या वाले विद्यालयों में बने रजिस्ट्रार के पद

प्रदेश सरकार 1000 से अधिक संख्या में छात्रों वाले विद्यालयों में रजिस्ट्रार के पदों का निर्माण करे। अभी नव-नियुक्त सहायक प्राध्यापक को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व दिया गया है, जिन्हें वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुभव नहीं है। वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुभव नहीं होने के कारण महाविद्यालयों को राज्य शासन यूजीसी, रूसा एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवंटन का उपयोग समयसीमा में एवं वित्तीय निर्देशानुसार नहीं किए जाने के कारण राशि सरेंडर हो जा रही है। विभागीय आडिट एवं महालेखाकार के आडिट में अनेक आपत्तियां प्राप्त होती है जिसका निराकरण करने में महाविद्यालयों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालयों में रजिस्टार का पद निर्मित किया जाता है तो समस्त वित्तीय कार्य उनके द्वारा संपादित किया जा सकेगा।

- समस्त महाविद्यालयीन छात्रावास अधीक्षक, रायपुर

## ट्रेंड

### शहीदों को श्रद्धांजलि



2001 के संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी. उनका बलिदान हमारे देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए सदैव आभारी रहेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### अलोकतांत्रिक व्यवस्था



'एक देश, एक चुनाव' सही मायनों में एक 'अव्यावहारिक' ही नहीं 'अलोकतांत्रिक' व्यवस्था भी है क्योंकि कभी-कभी सरकारें समयावधि के बीच में भी अस्थिर हो जाती हैं। इसके लिए सांविधानिक रूप से चुनी गयी सरकारों को बीच में ही भंग करना होगा, जो जनमत का अपमान होगा।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### देवनहल्ली टोल प्लाजा



बेंगलुरु हवाईअड्डे में प्रवेश से पहले देवनहल्ली पर टोल प्लाजा हटाने की मांग जायज है। बेंगलुरु को अन्य शहरों के बराबर लाया जाना चाहिए।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### राज कपूर की जन्मशती



महान शोमैन राज कपूर की शताब्दी का जश्न... मुझे खुशी है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने आर.के. के साथ हाथ मिलाया है। दर्शकों को एक ऐसे कलाकार की फिल्मों को फिर से देखने का अवसर मिलेगा जो सिनेमा के लिए जीते थे।

-अमिताभ बच्चन, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ताइवान को लेकर चीन की सेना ने साधी चुप्पी

चीन की सेना इस सप्ताह ताइवान के आसपास बड़े पैमाने पर नौसैनिक और तटरक्षक जहाजों की तैनाती पर शुक्रवार को चुप्पी साधे रखी। ताइवान के अधिकारियों ने कहा कि चीन जहाजों की तैनाती करके नाकाबंदी कर रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने अब तक इस गतिविधि पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। मंत्रालय के शीर्ष प्रवक्ता वू कियान ने अपने बयान में युद्ध रणनीति से जुड़े एक प्राचीन चीनी ग्रन्थ "द आर्ट ऑफ वॉर" के एक प्रख्यात उद्धरण का उल्लेख किया कि सैन्य रणनीति बदलती परिस्थितियों के अनुसार ऐसे ही ढलती है, जैसे बहता पानी।



## ऑफ बीट

# सर्दी में क्यों होती है जुकाम होने की अधिक संभावना

सामान्य जुकाम के लिए जिम्मेदार राइनोवायरस और इंफ्लुएंजा व सार्स-कोव-2 समेत कई वायरस ठंडे तापमान और कम आर्द्रता होने पर लंबे समय तक संक्रामक बने रहते हैं और तेजी से फैलते हैं। इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि ठंड के मौसम में लोग घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं तथा दूसरों के साथ निकट संपर्क में रहते हैं, जो कि रोगाणुओं के फैलने की अधिक सामान्य कारण हैं। सर्दी के मौसम में फ्लू और रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) का फैलना निश्चित होता है। हालांकि, कोविड-19 सामान्य ठंड के मौसम में फैलने वाला श्वसन वायरस नहीं है।



## संक्षेप

### अमरोहा में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के नौगावां सादात थाना क्षेत्र के बागड़पुर ईम्मा स्थित सरकारी एएनएम सेंटर में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते हुए सेंटर के बाहर परिजनों और तीमारदारों का जमावड़ा लग गया। परिजनों ने सेंटर के कर्मचारियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर भी दी है। जानकारी के मुताबिक, 22 वर्षीय महिला रविता को उसके परिजनों ने गांव की आशा प्रीति की मदद से प्रसव के लिए सेंटर में भर्ती कराया था। सुबह जब महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, तो उसे एएनएम सेंटर लाया गया। डिलीवरी के दौरान ऑपरेशन से पहले नवजात बच्ची की मौत हो गई, जबकि कुछ ही देर बाद महिला रविता की भी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन और तीमारदार सेंटर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। वहीं सीएमओ एपी सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक जांच कमेटी गठित कर दी है। परिजनों ने बताया कि रवितर की एक साल पहले ही शादी हुई थी। शादी के बाद यह उसका पहला बच्चा था। परिजनों का कहना है कि सेंटर पर जाने से पहले प्रसृता पूरी तरह से स्वस्थ थी।

### पति ने पत्नी की गला रेत कर हत्या की

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। शनिवार सुबह दोनों में झगड़ा हुआ, जिसके बाद गुस्से में पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से वार कर दिया। घर के अंदर से शोर आने पर ग्रामीण बाहर इकट्ठा हो गए। घटना को देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सुबह मुक्तेश्वर निवासी रमेश और उसकी पत्नी संगीता के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। तभी गुस्से में आकर रमेश ने संगीता के गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घट उतार दिया। हत्याकांड के बाद आरोपी पति फरार हो गया। हत्या की सूचना पर गांव में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसपी विनीत भटनागर, सीओ जितेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी की। पुलिस के अनुसार महिला के चार बच्चे 16 वर्षीय लवी, 11 वर्षीय छवि, आठ वर्षीय पुत्र वंश और दो वर्षीय पुत्र हर्ष है। दोनों पुत्रियां स्कूल गई थी। घटना के समय रमेश के पिता खेत पर गन्ना छीलने गए थे जबकि उसकी मां विमला घर पर थी जो सही से देख नहीं पाती है और सुन भी नहीं पाती है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कतर्नियाघाट को मिले रोडवेज बस की सेवा तो पर्यटकों को आने में हो आसानी

## लखनऊ से सीधे कतर्नियाघाट रोडवेज की सेवा की उठ रही मांग

- बाहर से आने वाले पर्यटक जेब ढीली करके पहुंचते हैं कतर्नियाघाट
- दुधवा नेशनल पार्क के लिए हवाई सुविधा लेकिन कतर्नियाघाट के लिए नहीं है रोडवेज बस

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। देश विदेश में अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में अभी तक रोडवेज बस की सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी है जिससे देश-विदेश तथा राजधानी से आने वाले पर्यटकों को अपनी जेब ढीली करके कई वाहनों को बदलकर कतर्नियाघाट पहुंचना होता है जिससे पर्यटकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दुधवा नेशनल पार्क में भले ही राजधानी लखनऊ से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई हो लेकिन सुप्रसिद्ध कतर्नियाघाट के लिए अभी तक एक भी रोडवेज बस की व्यवस्था नहीं की गई है क्षेत्रीय लोगों की मांग है कि लखनऊ से कतर्नियाघाट के लिए सीधी बस की सेवा संचालित की जाए जिससे पर्यटकों को आसानी हो और पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो साथ ही क्षेत्रीय लोगों को इससे रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। आपको बताते चले कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र का हरा भरा जंगल 551 वर्ग किलो मीटर में फैला हुआ है। जंगल में बाघ तेंदुआ हांथी गैंडा चीतल हिरन बंदर भेडिया तथा जलीय जीव डॉल्फिन मगरमच्छ घड़ियाल कछुआ आदि पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनते हैं। यहां पर देश-विदेश तथा राजधानी लखनऊ से पर्यटक आते हैं। विभाग को करोड़ों में राजस्व का लाभ होता है इतना सब होने के बाद भी यहां पर सरकारी रोडवेज बस की सेवा नहीं है। जनपद मुख्यालय से कतर्नियाघाट की दूरी 120 किलोमीटर है जहां से आने के लिए पर्यटकों को प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता है जिससे पर्यटकों की जेब भी ढीली होती है इस संबंध में क्षेत्र के व्यापारी समाजसेवी प्रकृति प्रेमी लोगों से जब चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि कतर्नियाघाट को रोडवेज बस सेवा से जोड़ना बहुत जरूरी है। इस संबंध में सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि यह वन्य जीव विहार देश के अन्य हिस्सों से रेल व बस सेवा से भलीभाँति नहीं जुड़ा है जिससे यहाँ भ्रमण पर आने वालों पर्यटकों को बहुत असुविधा होती है। रोडवेज की समुचित बस सेवायें उपलब्ध करा दिया जाये तो इको पर्यटन के विकास के साथ ही क्षेत्र का विकास सम्भव हो सकेगा। कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि कतर्नियाघाट पर्यटन की द्दष्टि से बहुत ही सुंदर जंगल है यदि यहां पर सीधी रोडवेज बस की सेवा उपलब्ध हो तो पर्यटकों को आसानी होगी और पर्यटको की संख्या में भी इजाफा होगा। वन अधिकार आनंदोलन के अगुवा व सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिन्दुस्तानी ने बताया कि कतर्नियाघाट में रोडवेज बस सेवा के लिए कई बार आवाज उठाई गई है लेकिन अभी तक बस सेवा उपलब्ध नहीं हुई है। बस सेवा उपलब्ध हो जाए तो पर्यटन भी बढ़ेगा और क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष मिहींपुरवा संजय सिंह ने बताया कि कतर्नियाघाट से रोडवेज बस चलने से पर्यटन की बढ़ोतरी होगी ज्यादा से ज्यादा पर्यटक जंगल का दिदार कर सकेंगे। सेवानिवृत्ति आर्मी कुलदीप सिंह ने बताया कि कतर्नियाघाट देश की धरोहर है यहां पर दूर दराज से पर्यटक आते हैं यदि उन्हें रोडवेज बस की सेवा उपलब्ध हो तो आने में आसानी होगी। गायघाट निवासी युवा अमित कुमार ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में दीदार करने के लिए देश-विदेश के पर्यटक आते हैं यदि लखनऊ से कतर्नियाघाट के लिए सीधी रोडवेज बस की व्यवस्था हो जाए तो पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और राजस्व भी बढ़ेगा।

# आईसीपी रूपईडीहा में कार्यरत सीएचए एवं निर्यातकों आयातकों ने स्ट्राइक कर जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर



रूपईडीहा, बहराइच। इण्डो नेपाल सीमा पर आया-निर्मात से संबंधित आईसीपी रूपईडीहा में कार्यरत सीएचए एवं निर्यातको आयातकों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आईडीकार्ड एवं कुछ अन्य मामलों को लेकर इस पोर्ट पर सीएचए एवं निर्यातको आयातकों को पुलिस द्वारा परेशान किए जाने को लेकर नेपालगंज रोड रूपईडीहा के सीएचए एवं निर्यातको आयातकों ने आयात-निर्यात का काम बन्द कर दिया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इसके बाद इस सम्बन्ध मे सम्बन्धित विभाग से बात-चीत किया और सम्बन्धित विभाग ने मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी को किसी प्रकार से परेशान नहीं किया जायेगा। मीडिया कर्मियों में इस संबंध में जब कस्टम विभाग के इंस्पेक्टर कपिल त्रिपाठी से बात किया तो उन्होंने बताया कि सी एच ए गेट पास कस्टम विभाग के द्वारा ही इश्यू किया गया है इसलिए इश्यू किए गए पास फर्जी नहीं है। लैंड पोर्ट अथॉरिटी इंचार्ज सुधीर शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सीएचएस एवं निर्यातको आयातकों के संगठन का जो भी इश्यू था उसे सॉल्व कर दिया गया है। अब ये लोग आधार कार्ड से ही एंट्री कर सकेंगे किसी भी प्रकार के अन्य कार्ड की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# प्रधान परसेंडी ने गौशाला में ठंड से बचने के लिए बछड़ों को पहनाया बोरा

### गायों को स्वयं चारा खिलाकर मजदूरों का हौसला किया बुलंद

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। कैसरगंज विकासखंड के अंतर्गत परसेंडी ग्राम पंचायत में बने गौशाला में ठंड को दृष्टिगत देखते हुए प्रधान रियाज अहमद ने सभी तीन सेटों में चारों तरफ से तिरपाल की व्यवस्था की जिससे निराश्रित गौवंशों को ठंड से बचाया जा सके। प्रधान परसेंडी रियाज अहमद ने स्वयं गौशाला जाकर गायों के बछड़ों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर उनके ऊपर बोरा बांधा जिससे बछड़ों को ठंड से राहत मिले। मौके पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रहीं वहां के मजदूरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों टाइम भूसे वह हरा चारा खिलाया जाता है, साथ ही में अनाज भी दिया जाता है। प्रधान ने बताया कि हमारे यहां 500 गोवंश हैं जो सभी स्वस्थ हैं दो-चार गाय ऐसी है जो काफी उम्र होने की वजह से बीमार है उनका भी इलाज डॉक्टर के द्वारा चल रहा है बाकी मैं खुद स्वयं दिन में एक टाइम आकर गौवंशों को देखता हूं और स्वयं चारा खिलाता हूं। जिससे यहां कार्य कर रहे मजदूरों का भी हौसला बढ़ता रहे। गौवंशों की देखभाल जिम्मेदारी न समझ कर अपना कर्तव्य समझकर हम इसे करते हैं।



# शैक्षिक भ्रमण को बच्चों का दल आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ रवाना

- बाल वैज्ञानिकों ने किया आंचलिक विज्ञान केंद्र का भ्रमण
- बच्चों ने खेल-खेल में सीखी विज्ञान की बारीकियां

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का दल एआरपी निर्मल शुक्ला व सुनील कुमार के निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण के लिए आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ रवाना हुआ। ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज से रवाना हुए शैक्षिक भ्रमण दल को खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एआरपी सुनील कुमार ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण हेतु बच्चों का चयन राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त बच्चों में से किया गया। उन्होंने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों में मनोवैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने तथा विद्यालयों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत इस भ्रमण का आयोजन कराया गया। आंचलिक विज्ञान केंद्र में बच्चों ने सरल प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझा। बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु आंचलिक विज्ञान केंद्र और तारा मंडल लखनऊ का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोगों को स्वम करके अपना ज्ञानवर्धन किया। इस मौके पर कार्टीशन गोताखोर, अपना भार जानिए, हीरो की टरबाइन, केल्टन चक्र, घूमती गेंद, 3 डी शो, जल हमारा जीवन, चलती गेंद, गहराई से संदेश, जादू का नल, वायु में तैरती गेंद, उत्तोलक, पदार्थों का अद्भुत संसार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विलुप्त हो चुके प्राणियों के टैटू, मनोरंजक विज्ञान दीर्घा, एअरप्वॉइंट पिस्टल, फन मिरर, रोटेटिंग फेस, स्ट्रिंग्लेस पियानो, स्नेक पेंडुलम आर्यन थ्रो को छूकर, प्रयोग करके, देख कर बच्चे प्रफुल्लित हुए। शैक्षिक भ्रमण के सफल संचालन में एआरपी राकेश मौर्या, बच्चों के मार्गदर्शन में भ्रमण दल प्रभारी, विनोद कुमार सरोज, प्रदीप त्रिपाठी, अजय मिश्रा, कमलेश कुमार, जितेंद्र कुमार, नवनीत सिंह, राहुल यादव, अजय मिश्रा, अनीस चौधरी, निगार सुल्ताना, रंजू वर्मा, अरविंद वर्मा, प्रगति शर्मा, पूजा कुमारी, विक्रम सिंह, अपर्णा सक्सेना, नवनीत प्रेमी, निर्मल चौधरी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### एकमुश्त समाधान योजना के तहत शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में रविवार से ओटीएस योजना के तहत बिजली विभाग द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी तरह के बिजली बिलों का समाधान किया जाएगा। यह कैंप शहर व देहात में विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे। उपखंड अवर अभियंता में कैंप राम गोपाल ने बताया कि विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें। हर हाल में विद्युत चोरी से बचें और समय पर विद्युत बिलों का भुगतान भी करते रहे। सभी स्तर के विद्युत उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। विद्युत उपभोक्ताओं को समय से भुगतान करने पर बकाया अधिभार में छूट मिलेगी। बताया कि रविवार को भी दिन भर विद्युत उपकेंद्र कार्यालय पर पंजीकरण कार्य के लिए कार्यालय खुला रहेगा। इस अवसर पर विद्युत विभाग के समस्त कर्मचारी, लाइनमैन एवं सहयोगी विद्युत शिविर में उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप

### अमेठी में एक मजदूर की मौत, चार गंभीर रूप से घायल; पटना से जयपुर जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जहां मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे पर पलट गई। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। पिकअप पटना से मजदूरों को लेकर जयपुर जा रही थी। दरअसल, ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे स्थित किलोमीटर संख्या 57.3 पासिन पुरवा मजरे हुसैनपुर के पास का है। जहां आज सुबह तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की सुरक्षा टीम ने सभी घायलों को इलाज हेतु सीएचसी बाजार शुकुल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार घायलों का इलाज चल रहा है। राजस्थान जयपुर के चंदवाजी के रहने वाले पिकअप चालक दमोतीलाल शर्मा इसी गांव के शंकर लाल, भंवरलाल, लोकेश और मालीराम के साथ पटना से घर जा रहे थे। रास्ते मे बाजार शुकुल थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे में पांच लोग घायल हो गए घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मालीराम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी है।

बाजार शुकुल थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र ने बताया कि परिजनों घटना की जानकारी दे दी गई है।

उनके आने के बाद मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं।

# सुल्तानपुर में सपा का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

## बोले- भाजपा संविधान के विपरीत कर रही काम, संभल में भाईचारे को मारी गई गोली

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन हुआ। यहां पर प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिस पर लिखा था 'संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ।' प्रदर्शन कर रहे लोगों ने नारा लगाया, पुलिस के दम तानाशाही, नहीं चलेगी-नहीं चलेगी। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को सम्बोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को दिया है। मुलायाम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिव मंगल तिवारी और लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से मांग पत्र में लिखा गया है कि भाजपा संविधान की शपथ लेकर उसके विपरीत बदले की भावना से कार्य कर रही है। संभल की घटना सोची समझी रणनीति और योजनाबद्ध तरीके से हुई। संभल के भाईचारे को गोली मारी गई है। देश में मस्जिद और दरगाह के खिलाफ चल रही अराजकता का सरकारी संरक्षण देश को गंभीर क्षति पहुंचा रहा है। अजमेर दरगाह को मंदिर बताया जाना भारत के दिल पर हमला करने जैसा है।

भाजपा और उसके सहयोगी देश के कोने कोने में बार-बार खुदाई की बात कर रहे हैं इससे देश का सौहार्द बिगड़ रहा है। संभल का माहौल बिगाड़ने में याचिकाकर्ता के साथ प्रशासन जिम्मेदार है। दोषी अधिकारियों को निलंबित कर उन पर हत्या का मुकदमा चलाया जाए। तीनों जिलाध्यक्ष ने ये भी लिखा कि जस्टिस शेखर यादव के बयान से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंची है। जस्टिस का काम संविधान की रक्षा करना है, लेकिन उनके बयान से न्यायपालिका की साख को ठेस पहुंची है। जस्टिस यादव के आचरण की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा सरकार युवाओं को ठगने का कार्य कर रही है। सड़क से लेकर खेत तक आवारा पशुओ से खतरा बना हुआ है। सड़कों को गड्ढा मुक्त के नाम पर अरबों का घोटाला हुआ, लेकिन सड़कें जैसी की तैसी हैं। कानून व्यवस्था प्रदेश में ऐसी कि रोज लूट हत्या बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। किसान सरकार की वादाखिलाफी से तंग आकर आत्महत्या कर रहा है।

# पन्नी का गुल्ला बनाने की फैक्ट्री में आग लगी

### धौलाना में लाखों का सामान जलकर राख, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया

अमन लेखनी समाचार



धौलाना, क्षेत्र के गांव देहरा झाल स्थित एक पन्नी का गुल्ला बनाने की फैक्ट्री में विद्युत फॉल्ट के कारण आग लग गई। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री का लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। हालांकि, समय रहते दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे और अधिक नुकसान होने से बच गया। फैक्ट्री के मालिक आनंद कुमार ने बताया कि उनकी आकाश एंटरप्राइजेज के नाम से फैक्ट्री चलती है।

अचानक विद्युत फॉल्ट से फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग का विकराल रूप देख आसपास के इलाके में भगदड़ मच गई। आनंद कुमार ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। पीड़ित आनंद कुमार ने बताया कि आग की वजह से करीब ढ़ाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पिलखुवा केंद्र प्रभारी सचिन बालियान ने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है, और टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया था।

# बांदा में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस पलटने से बड़ा हादसा

### एक महिला की मौत, कई घायल, घायलों का इलाज जारी

अमन लेखनी समाचार



बांदा, जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में एक प्राइवेट बस तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के अंडरब्रिज के पास स्थित दोहा गांव के पास हुआ। बस में सवार दो दर्जन से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत की भी पुष्टि हुई है। इस हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, और आसपास के खेतों में काम कर रहे स्थानीय लोगों ने मदद के लिए दौड़कर पुलिस को सूचित किया। हादसा लगभग 11:30 बजे हुआ, जब प्राइवेट बस कमासिन की तरफ जा रही थी और अचानक अनियंत्रित हो गई, जिससे बस सड़क किनारे पलट गई। बस में भारी संख्या में यात्री सवार थे, जिनमें से कई फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। यूपीडा और पुलिस की रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची और घायलों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर भेजा। इस हादसे में एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आधा दर्जन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है और तीन गंभीर घायलों को कानपुर रेफर किया गया है। इस मामले में एसपी अंकुर अग्रवाल का कहना है कि हादसे के फौरन बाद पुलिस की रेस्क्यू में मौके पर पहुंच गई है और सभी लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है जिसमें एक महिला की मौत हुई है और कुछ लोगों की हालत गंभीर है

# हसनपुर में सड़क निर्माण को लेकर बवाल

### ठेकेदारों पर लगाया लापरवाही का आरोप, गांव वालों में दिखा आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, गंगेश्वरी ब्लॉक के ओगपुरा गांव में 800 मीटर सीसी रोड के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने पर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से दोषी ठेकेदार और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। ओगपुरा गांव के मुख्य मार्ग पर 800 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। गांव वालों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण में 13 परात बजरी, 8 परात बजरपुट और मात्र 2 परात सीमेंट लगाया जा रहा है, जो मानकों के बिल्कुल खिलाफ है। भारी संख्या में ग्रामीण निर्माण स्थल पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि घटिया सामग्री से बनी सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी और सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। गांव वालों ने अधिकारियों से मौके पर निरीक्षण कर उचित जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे गांव के ही रहने वाले पीतम ने कहा कि, ₹हमारी शिकायत ठेकेदार की लापरवाही को लेकर है। सड़क निर्माण में जो सामग्री लगाई जा रही है, वह बेहद घटिया है।₹ वहीं गांव के ही कन्हैया और गोपाल ने कहा कि जब तक मानकों के अनुसार काम नहीं होगा, वे निर्माण कार्य को पूरा नहीं होने देंगे। प्रदर्शन करने वालों में कन्हैया, पीतम, गोपाल, अजयपाल, दातराम, प्रहलाद चौकीदार, संदीप और सतपाल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मांग की कि संबंधित विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण की जांच करें

## संक्षेप

### गाजियाबाद में नंदकिशोर गुर्जर ने की लाइव रेड

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद के लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपनी विधानसभा क्षेत्र के झुग्गियों में पहुंचे। विधायक ने दावा किया कि यहां अवैध बिजली के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। बंगाल के रहने वालों का आधार कार्ड दिल्ली का मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बदनाम करने की आरोप अधिकारियों पर लगाया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि उनकी लोनी विधानसभा क्षेत्र की झुग्गियां में बड़ी संख्या में रोहिंग्या और बांग्लादेशी रह रहे हैं, मैं कई बार पकड़वा चुका हूं। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल ने देश के साथ गद्दारी करते हुए घुसपैठियों को वोट के लिए बसाया है, इनके पास वोटर कार्ड राशन कार्ड आधार कार्ड सब दिल्ली का मिला है लेकिन गाजियाबाद में रह रहे हैं। उन्होंने कहा मैं लगातार इस बात को उठाता रहा हूं लेकिन कोई जू नहीं रेंग रही है। देश के साथ गद्दारी की जा रही है जिस तरीके से घुसपैठियों को बिजली विभाग में सब जगह कनेक्शन दिए हुए हैं लोगों के पास फर्जी आधार कार्ड है एक बंगाल का है एक दिल्ली का है। विधायक ने कहा, 'दिल्ली देश की राजधानी है जितने भी हमारे मुख्यालय हो या पार्लियामेंट हो। पूरा देश आज 10 करोड़ बांग्लादेशियों के कारण बारूद के ढेर पर बैठा है। दिल्ली बेहद सेंसिटिव है। दिल्ली केजरीवाल सरकार हजार रुपए में कार्ड बना कर दे रहा है। पुलिस कहां सो रही है। यह गाय काटते हैं यह रात में घरों में घुस जाते हैं लूट करते हैं सरकार कठोर कार्रवाई करेगी। अगर कार्रवाई नहीं करती है तो मुझे संवैधानिक पद पर रहते हुए ही कदम उठाने पड़ेंगे।

### मेरठ में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस गार्डन में बदमाशों ने युवक को किसी बहाने बुलाकर उसकी कमर से तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद कार में बैठी उसकी पत्नी और दोस्त ने उसे गंभीर अवस्था में सुभारती हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। युवक अपनी पत्नी और दोस्त के साथ गांव छज्जूपुर से अपनी कार में सवार होकर अपने घर जा रहा था। तभी उसके पास एक कॉल आई। वह दोस्त और पत्नी को साथ लेकर डिफेंस गार्डन पहुंच गया। जहां कुछ बदमाश उससे बात करने लगे। तभी एक युवक ने उसकी कमर से तमंचा सटाकर गोली मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव घाट का रहने वाला कपिल देर रात अपनी पत्नी निधि और टीपीनगर थाना क्षेत्र स्थित मुल्ताननगर के रहने वाले दोस्त मोनू उर्फ मोहित के साथ गांव छज्जूपुर से अपनी कार से घर जा रहा था। कपिल की पत्नी निधि ने बताया कि तभी कपिल के फोन पर गांव के ही रहने वाले गुल्लू नाम के युवक का फोन आया। गुल्लू ने कपिल से कुछ अर्जेंट काम की बात कहते हुए डिफेंस गार्डन बुला लिया।

# आईजीएल द्वारा अपने उत्पाद का भारत में सर्वोत्तम उत्पादन बिक्री का बनाया कीर्तिमान

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एवं उत्तर प्रदेश डिस्टिलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के शुक्ल के नेतृत्व में आईजीएल द्वारा अपने उत्पाद का भारत में सर्वोच्च उत्पादन एवं बिक्री करने का कीर्तिमान बनाया गया है, विगत नवंबर,2024 माह में आईजीएल ने 2459641 पेटी का उत्पादन और 2474700 पेटी का बिक्री करके भारत की पहली डिस्टिलरी बन गयी है। इस मौके पर आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कर्मयोगियों को पुरुष्कृत कर उनका उत्साहवर्धन कर बधाई देकर निरन्तर नए नए कीर्तिमान को स्थापित करने के लिए आग्रह किया।प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने सभी कर्मयोगियों को बधाई दिया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि नवम्बर माह में हमने पेटियों के सर्वोच्च उत्पादन एवं बिक्री करने के साथ ही सर्वोच्च टेट्रा पैक का उत्पादन लगभग 11 करोड़ एवं बिक्री 11.13 करोड़ करने का भी कीर्तिमान बनाया है। अगले वर्ष 2025 में इस उत्पादन और बिक्री के आंकड़ों से भी अधिक उत्पादन और बिक्री किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन दशरथ मिश्र तथा व्यवस्था अखिलेश कुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर में अनिरुद्ध सिंह, शैलेश चंद, आशीष गुप्ता, अजीत त्रिपाठी, धर्मेंद्र मलिक, राजीव त्रिपाठी, अतुल पांडेय, सुनील कुमार, शिवानी शर्मा, रजनीकान्त पांडेय, सुजय राय, मनीष शाही, संजय मिश्रा, आनन्द सिंह सहित कई कर्मयोगी उपस्थित रहे।

# इंटर कॉलेज के छात्रों का विश्वविद्यालय में शैक्षिक भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, टीला टाली, देसही देवरिया, देवरिया के छात्रों ने गोरखपुर विश्वविद्यालय, विशेष रूप से अंग्रेजी विभाग का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ल ने छात्रों से संवाद किया और जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण मंत्र बतलाए।उन्होंने कहा इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। यह सरकार की एक सराहनीय पहल है, जिसके तहत छात्रों को अपने वरिष्ठों से मार्गदर्शन और प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास और शैक्षिक दृष्टिकोण को नई दिशा देने में मददगार होते हैं। अंग्रेजी विभाग के शोधार्थियों खासकर नंदिनी वर्मा ने भी छात्रों के साथ बातचीत की और उनके उत्साह को बढ़ाते हुए शिक्षा और अनुसंधान के महत्व पर चर्चा की। छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रांगण का भ्रमण करते हुए वहाँ की उन्नति और हरित वातावरण की प्रशंसा की। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय के इस भ्रमण ने उन्हें प्रेरित किया है और भविष्य में वे इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का हिस्सा बनना चाहते हैं। पपीपीपीयह शैक्षिक भ्रमण अंग्रेजी शिक्षक डॉ. देवेंद्र तिवारी, एक हिंदी शिक्षक और स्कूल के अन्य स्टाफ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। यह दौरा छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

## रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास एसडीएम से शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के बसिया में निजी भूमि निकाले गए रास्ते में गांव की एक महिला द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी सहजनवां को शिकायत कर अवैध कब्जा हटाने की मांग किया है। मिली जानकारी से तहसील क्षेत्र बसिया निवासी धर्मेंद्रनाथ सिंह पुत्र स्व भृगुनाथ सिंह ने उपजिलाधिकारी सहजनवा को शिकायत कर आरोप लगाया है कि आराजी संख्या 309 में मकान का निर्माण कराया है। उसी आराजी नम्बर में एक महिला ने बैनामा कर मकान का निर्माण कराया है। पीड़ित अपनी निजी भूमि में रास्ता निकाला है। इस रास्ते की भूमि में महिला द्वारा अवैध कब्जा कर नाली का निर्माण कराकर स्लैप डाला जा रहा है। पूर्व के लेखपाल द्वारा पैमाईश किया गया। जिसमें महिला द्वारा अवैध कब्जा करने की रिपोर्ट लगाई गई। वर्तमान लेखपाल द्वारा मामले को उलझने का कार्य किया जा रहा। और विपक्षी से मिलकर साजिश कर रहे है। पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत कर मामले की जांच करा कर अवैध कब्जा हटाने की मांग किया है।इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवां दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि शिकायत मिली है। राजस्व टीम गठित कर मामले का निस्तारण कराया जायेगा।

## कंपोजिट विद्यालय में दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खीरीडाड के श्री पीएम कंपोजिट विद्यालय में सोमवार को दौड़ प्रतियोगिता आ आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। दौड़ प्रतियोगिता के समापन के बाद प्रधान विजय कुमार उर्फ त्रिपुरारी द्वारा भोजन की व्यवस्था कराई गई। जिसमे खीर, पूड़ी, सब्जी शामिल था। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल, प्रधानाध्यायक मनोज राय, सत्यवीर, प्रतिमा, धीरेंद्र यादव आदि शिक्षक मौजूद थे।

## छात्रा को सरेराह छेड़ने वाला मुठभेड़ में घायल

### मेरठ पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहा था, पैर में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र में एक स्कूली नाबालिग छात्रा से सरेराह छेड़छाड़ कर उसे पीटने वाले आरोपी को पुलिस ने देर रात अरेस्ट कर लिया। आरोपी का नाम महबूब है। जो शाहजहांपुर मेरठ किठौर का रहने वाला है। पुलिस ने जब आरोपी को अरेस्ट किया तो वो पुलिस की पिस्टल छीनकर भागने लगा। इसी बीच आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। इसके बाद पुलिस की तरफ से किए गए फायर में आरोपी महबूब के पैर में गोली लगी। वो घायल हो गया। पुलिस ने उसे शुक्रवार रात ही अरेस्ट कर लिया। दरअसल शाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो जांच में किठौर का निकला। वीडियो में एक लड़का एक स्कूली छात्रा को सरेआम पीटता और छेड़ता दिख रहा था। वीडियो वायरल के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वहीं पीड़ित छात्रा के परिजनों की तरफ से थाने में तहरीर दी गई। जिसमें वीडियो वाले युवक की पहचान महबूब निवासी शाहजहांपुर के रूप में हुई। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वीडियो और तहरीर के आधार पर पुलिस ने महबूब पर मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश करने लगी। जब पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया उसे ले जाने लगी तो आरोपी ने मेडिकल के लिए जाते वक्त हेडकांस्टेबल राजसिंह की सरकारी पिस्टल छीन ली। पिस्टल छीनकर मोटरसाइकिल से कूदकर भाग गया।

भागकर झाड़ियों में छिप गया। पुलिस ने कांबिंग कर उसकी तलाश

## एजेंसी से चोरों ने 6 टायर चुराया, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर 15 में स्थित एक एजेंसी में चोर घुसकर उसमें रखा 6 टायर चुरा कर फरार हो गए है। सिक्योरिटी हेड की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से राजीव कुमार मौर्य पुत्र दयाशंकर मौर्य जो इंडियन ऑटो व्हील्स में सिक्योरिटी हेड है। जो गीडा सेक्टर 15 में स्थित है। 9 दिसंबर की रात्रि में चोर चारदीवारी कूद कर एजेंसी के अंदर घुस गए। और उसमें रखा 6 टायर चुरा कर फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरे में चोर टायर ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, पांच पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गुलटही में पुराने जमीनी विवाद को लेकर रविवार को दो पक्ष भीड़ गए। पुलिस ने दोनो पक्षों के तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक पक्ष के मनोज सिंह पुत्र गुलाब सिंह ने आरोपी पर पुराने जमीनी विवाद को लेकर लाइसेंसी बंदूक लहराते हुए जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने अमित सिंह पुत्र राकेश सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र स्व दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया था कि आरोपी रास्ते में घेर कर गाली गलौज करते हुए मारपीट। पुलिस ने अमित सिंह, मनोज सिंह, योगेंद्र सिंह, सुनील सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चोरी हुए 30 लाख के जेवरात बरामद

- अपना लॉकर खोलने गए थे मौका देख कर दी वारदात; पत्नी अरेस्ट, पति फरार

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के थाना मोदीनगर क्षेत्र में बैंक लॉकर से चोरी हुए 30 लाख रुपए के जेवर पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं महिला आरोपी का पति फरार है। महिला और उसके पति बैंक में अपना लॉकर खोलने गए थे तभी उनको पड़ोस वाला लॉकर खुला मिल गया। जिस में से पति पत्नी ने जेवर चुरा लिए थे। गाजियाबाद में डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि 25 अक्टूबर को ईशा गोयल नाम की महिला ने मोदीनगर थाने में एक तहरीर दी कि उनके राज चौपला मोदीनगर के बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर से करीब 40 से 42 तोला सोना और 50 से 60 तोले चांदी चोरी हो गई है। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया और कई टीम खुलासे के लिए लगाई गई। साथ ही सीसीटीवी खंगाले गए। इसके अलावा मैन्युअल इनपुट के जरिए प्रिया गर्ग और नितिन गर्ग शक के दायरे में आए। इन से जब पूछताछ की गई तो पता चला यह दोनों लोग 19 अक्टूबर को अपना लॉकर खोलने बैंक गए थे। इसी दौरान इन्हें बराबर वाला बैंक लाकर बी 42 खुला मिला। जिस को इन्होंने खोल कर देखा तो उसमें सोने चांदी के आभूषण थे। जिस को इन्होंने चुरा लिया। पुलिस के मुताबिक हंड्रेड परसेंट रिकवरी की गई है।

नितिन गर्ग पहले मोबाइल सेक्टर में काम करता था लेकिन कोरोना काल में उसकी नौकरी चली गई थी। वहीं आरोपी प्रिया गर्ग हाउसवाइफ है। प्रिया को जहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, नितिन अभी फरार है।

## निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों ने चढ़ाई आस्तीन

### कर्मचारी किसी भी हाल में निजीकरण नहीं करेंगे बर्दाश्त, लाखों विद्युत कर्मचारियों की नौकरी जाने का खतरा

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, बुलंदशहर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के बैनर तले विद्युतकर्मियों ने हाईडिल कॉलोनी में एक विशाल विरोध सभा कर साफ ऐलान कर दिया है कि विद्युत कर्मचारी किसी भी हाल में निजीकरण बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार विद्युत विभाग का निजीकरण कर आगरा में 68000 कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर लात-मारने पर तुली है। संघर्ष समिति के अनुसार निजीकरण के बाद मुख्य अभियंता से लेकर अवर अभियंता एवं विभाग से जुड़े विभिन्न स्तर के कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों के जब पद ही समाप्त हो जाएंगे तो पदावनति और छटनी के अलावा क्या रास्ता रह जाएगा। इस सभा को जिला संयोजक कामरेड सुरेंद्र सिंह, ई. ऐश्वर्य सिंह, प्रदीप कुमार सागर, गणेश दत्त, राम सहाय, देशराज सिंह आदि ने संबोधित किया।

संघर्ष समिति का आरोप है कि सेवा शर्तों को लेकर विद्युतकर्मियों को गुमराह किया जा रहा है। वाराणसी और आगरा डिस्कॉम का निजीकरण किस बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर किया जा रहा है। करीब 68000 कर्मचारी के सामने नौकरी जाने का संकट है। पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन बेशक दावा कर रहा है कि कर्मचारियों की पदोन्नति प्रभावित नहीं होगी, लेकिन यह झूठा दावा किया जा रहा है। जिस उप्र विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति बर्दाश्त नहीं करेगी।

विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति का आरोप है कि बाबा साहेब द्वारा बिजली बिजली कानून 1948 की स्थापना में लिखे गए आदेश की सरकार हत्या करना चाह रही है। बिजली बिल 2020 के द्वारा बिजली को प्राइवेट कंपनियों के हवाले करके गरीबों के घरों को अंधेरे में धकेलने की तैयारी कर रही है। देशभर के लाखों बिजली कर्मचारी, अधिकारी बिजली को देशी-विदेशी कंपनियों के मुनाफे का कारण नहीं बनने देंगे।

# गाजियाबाद में विधायक की रेड के बाद एक्टिव हुई पुलिस

### खंगाल रही संदिग्ध लोगों के डॉक्यूमेंट्स, गाजियाबाद के कई हिस्सों में चल रहा अभियान

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद में लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने झुग्गियों में जाकर चेकिंग अभियान चलाया था। विधायक ने दावा किया था कि बड़ी संख्या में रोहनिया और बांग्लादेशी यहां आकर बसे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ड्राइव चला कर झुग्गियों और संदिग्ध दिखने वाले लोगों के कागज चेक कर रही है।

एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि गाजियाबाद में मिक्स आबादी और संदिग्ध लोगों की छानबीन में पुलिस डटी हुई है। पुलिस जिले के कई हिस्सों में अभियान चला रही है और यह देख रही है कि यहां खुद या किराए पर रहने वाले लोग के कागज हैं या नहीं। साथ ही ये भी पता कर रहे हैं कि ये लोग किस तरह का काम करते हैं। हालांकि विधायक ने कल आरोप लगाया था कि यहां पर अवैध रूप से बिजली के कनेक्शन भी दिए गए हैं। विधायक की डेट के बाद पुलिस तो हरकत में आई है लेकिन बिजली विभाग कहीं नहीं दिखा।

## गाजियाबाद में मकान का ताला तोड़कर कैश और जेवर चोरी

### शादी में गया था परिवार, चोरों में रात में दिया वारदात को अंजाम; सीसीटीवी से तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर में टाईप थ्री कॉलोनी में बदमाशों ने एक मकान निशाना बनाया। चोरों ने ताला तोड़कर 50 हजार रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। वारदात के समय परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। पीड़ित ने इस बारे में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर में टाईप थ्री कॉलोनी में अरुण कुमार परिवार सहित रहते है। वह परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने रिश्तेदारी में गए हुए थे। सुबह पड़ोसियों ने अरुण कुमार को फोन पर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद वह अपने घर आए। अरुण कुमार ने बताया कि बदमाश घर का ताला तोड़कर अलमारी से 50 हजार रुपए की नकदी, चार लाख रुपए की कीमत से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान भी चोरी करके ले गए। पीड़ित ने इस बारे में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# गाजियाबाद में कृष्णाकुंज से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी

### तीन कॉलोनियों की पावर सप्लाई ठप, नाराज लोगों ने जमकर किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, गाजियाबाद में मोदीनगर नगर की कृष्णाकुंज से 250 केवीए का बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी करके ले गए। ट्रांसफार्मर चोरी होने के कारण तीन कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली आपूर्ति की बहाली की मांग को लेकर कॉलोनियों के लोगों ने प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। नगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी में 250 केवीए का बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। इस ट्रांसफार्मर पर कृष्णाकुंज, नवाब विहार व इंद्रापुरी कॉलोनी की बिजली आपूर्ति की जाती है। बताया जा रहा है कि देर रात बारह बजे के आसपास अचानक लाइट चली गई। जब शनिवार सुबह तक भी बिजली नहीं आई तो कॉलोनी के लोगों ने इसकी जानकारी दी। जानकारी मिली कि देर रात बदमाश बिजली के ट्रांसफार्मर से बदमाश सामान चोरी करके ले गए है। जिस कारण कृष्णाकुंज, नवाब विहार व इंद्रापुरी कॉलोनी की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जबाव ना देने पर कॉलोनी के लोगों ने जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि सूचना देने के बाद भी कोई भी कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं आया है। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि अस्थाई तौर पर ट्राली वाला ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति सुचारु करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 45 दिवसीय कृषि आधारित एग्री उद्यमिता प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ

## मैनेज संस्था द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण आधिक उपयोगी हैं : संजय सिंह

### सीटेड कार्यलय में 35 युवाओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार




कमरौली अमेठी औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर चार स्थित सेन्टर आफ टेक्नोलाजी एण्ड इण्टरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रायोजन से तथा नेशनल इंस्टीयूट आफ एग्रीकल्चर एक्स्टेंशन मैनेजमेंट हैदराबाद के सक्रिय सहयोग से जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सीटेड कार्यालय में 35 युवाओं हेतु प्रशिक्षण का शुभारम्भ अभिनव द्विवेदी जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड व डॉ रेनू सिंह कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा जगदीशपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक इंजी0संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि ,अविनाश त्रिपाठी शाखा प्रबंधक यूको बैंक इंडस्ट्रियल एरिया, डी0एन0मिश्रा, राकेश शुक्ला, ए0के0श्रीवास्तव, प्रज्वल सिंह, उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 दिसंबर 2024 से 29 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

### तकनीकी प्रशिक्षण सीखिए अपनी शाप खोलिए

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभिनव द्विवेदी ने युवाओं से कहा कि एग्रीक्लिनिक का तकनीकी प्रशिक्षण सीखिए और एग्रीक्लिनिक की शाप खोलिए और किसानों को हर संभव मदद करिए, तभी विकास को गति मिल सकेगी। लाइसेंस बनवाने में सीटेड आपकी मदद करेगा।

### ईमानदारी से करें काम सफलता कदम चूमेगी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रेनू सिंह ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता बस आप पूरी शिद्दत के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़े सफलता आपके कदम चूमेगी।यूको बैंक से आए ब्रांच हेड अविनाश त्रिपाठी ने कहा कि आप नपा तुला जोखिम लेते हुए अपनी परियोजना प्रपत्र के साथ अपडेट होकर बैंक जाए और बैंक को बताएं बैंक आपकी हर संभव मदद करेगी, बशर्ते आप पूरी दृढता व ईमानदारी के साथ कार्य करे

### प्रशिक्षण आपको आगे बढने में मददगार होगा

डा. ए के सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा अमेठी ने कहा कि निश्चित रूप से आप लोग स्नातक एवं योग्य हैं आप निश्चित योजना के साथ आगे बढे ये प्रशिक्षण आपको आगे बढने में मददगार होगा।संस्था के संकाय सदस्य डी0एन0मिश्रा ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उददेष्य आपके अन्दर उद्यमिता का विकास करना है जिससे कि प्रशिक्षित होकर आप अपनी इकाई की स्थापना कर सकते हैं।

### प्रशिक्षित होकर अपनी इकाई की स्थापना करेंगें

इस अवसर पर नोडल अधिकारी राकेश शुक्ला ने बताया कि ये सभी प्रतिभागी कृषि संकाय से हैं और इनका चयन साक्षात्कार व वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया हैं, जो कि प्रशिक्षित होकर अपनी इकाई की स्थापना करेंगें। उन्होने शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की तथा कार्यक्रम के समन्वयक प्रज्वल सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालक अरविंद कुमार ने किया।

### मैनेज संस्था द्वारा प्रशिक्षण अधिक उपयोगी : निदेशक



संस्थान के निदेशक इंजिनियर संजय सिंह ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैनेज संस्था द्वारा प्रदान किया जा रहा प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी हैं इसके माध्यम से आप कहीं भी अपनी इकाई की स्थापना कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण निःशुल्क हैं एवं आपको दिशा देने के लिए हैं इससे आप में आत्मविश्वास आएगा और अपने उद्योग को प्रारम्भ करने में सहूलियत मिल सकेगी।

### इस मौके पर मौजूद रहे

इस मौके पर सर्वेश्वरी प्रतिभा शिल्पा नवीन अश्विनी अभिषेक उर्वशी आकाश आशीष नीरज अवनीश अनुराग संदीप आदित्य अरुणेश आशीष अरुण नवनीत सचिन आदि लोग मौजूद थे।

# अमेठी जनपद के 19 मंडलों की चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न

## हाईकमान मंडल अध्यक्षो की घोषणा 20 दिसम्बर के बाद करेगा





अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज अमेठी।भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के तहत मंडल अध्यक्ष पद के लिए सभी 19 मंडलों में चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई है।जनपद के मंडलों में लगाएं मंडल चुनाव अधिकारियों ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी कर जिला चुनाव अधिकारी को सौंप दी। जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा एवं जिला सह चुनाव अधिकारी सुधांशु शुक्ला प्रदेश में पहुंचाने का काम करेंगे।इसके बाद प्रदेश नेतृत्व मंडल अध्यक्ष की घोषणा 20 दिसम्बर के बाद करेगा। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने संग्रामपुर के मिश्रौली स्थित केपीएस अकादमी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराया।जिसमें नौ लोगों ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया अमेठी में उमाशंकर पांडे भेंटुआ में गिरीश चंद्र शुक्ला भादर में भवानी दत्त दीक्षित गौरीगंज नगर भागीरथी मौर्य गौरीगंज ग्रामीण मनोज जायसवाल जमी काशी प्रसाद तिवारी मुसाफिरखाना रामकृष्ण भारती शाहगंज उमाशंकर तिवारी जगदीशपुर विधानसभा के विश्वकर्मा नगर मंडल में प्रभात शुक्ला जगदीशपुर में राकेश त्रिपाठी बाजार शुक्ला में अशोक मौर्य हलियापुर में काली बख्श सिंह रानीगंज में सुरेश तिवारी तिलोई विधानसभा के सिंहपुर में उमा रमन सिंह तिलोई में दुर्गेश त्रिपाठी राजा फतेहपुर में उपमा सरोज जायस नगर में अतुल सिंह बहादुरपुर में आशा बाजपेई समेत सभी 19 मंडलों में पार्टी के मंडल चुनाव अधिकारीयों ने चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली।आपको बता दें मंडल अध्यक्ष पद पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ही अध्यक्ष बन पाएंगे? इसके लिए अर्हता थोड़ी सख्त की गई है? मंडल अध्यक्ष के लिए पिछले दो बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। जिन्हें भी मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा वह पूर्व में मंडल के पदाधिकारी जरूर रहे होने चाहिए।

# उरदना से पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मौदहा पुलिस ने उरदना से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा है। मौदहा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि धारा 147, 148, 352, 427, 430, 504, 506 आईपीसी के तहत दर्ज मुकदमें से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्तों सुभान सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवलाल, बद्री सिंह पुत्र स्वर्गीय कल्लू सिंह व रामविशाल सिंह पुत्र स्वर्गीय परसदवा पाल निवासीगण ग्राम उरदना थाना मौदहा को गांव से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार शामिल रहे।

# जिलाधिकारी कार्यालय में आने वाले फरियादियों को मिलेगी गरम कॉफी

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सोमवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने एक नवाचारी पहल करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में कॉफी मशीन स्थापित कराई व कॉफी मशीन का शुभारंभ किया। इस कॉफी मशीन से जिलाधिकारी कार्यालय में आने वाले फरियादियों व आगंतुकों को तत्काल गरम कॉफी उपलब्ध हो सकेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि इससे ठंड में जनपद के दूरदराज के क्षेत्रों से जिलाधिकारी कार्यालय आने वाले फरियादियों व आगंतुकों को तत्काल निःशुल्क गरम कॉफी उपलब्ध हो सकेगी तथा गर्म कॉफी मिलने से ठंड से बचाव में सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, कलेक्ट्रेट कर्मी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

## पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा





सूचना मिलते पहुंचे परिजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में आज सुबह रेलवे ट्रैक की तरफ गए बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक के भाई की ढाई महीने पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद मृतक डिप्रेशन में आकर मानसिक रूप से बीमार हो गए दरअसल, ये पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के मौजमगंज स्थित के पास का है। जहां आज सुबह पास के गांव के रहने वाला 80 वर्षीय मो नईम रेलवे ट्रैक की तरफ गए थे, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

### घटना स्थल पर पहुंचे परिजन

घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जायस पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### भाई की मौत के बाद डिप्रेशन में था युवक

मृतक के बेटे मोहम्मद इबरार ने बताया कि मेरे चाचा की करीब ढाई महीने पहले मौत हो गई थी।अपने भाई की मौत के बाद मेरे पिता डिप्रेसन में चले गए जिसके बाद इनकी मानसिक हालड बिगड़ गई।इनका लगातार इलाज भी चल रहा है।आज सुबह घर से निकले और ट्रैक की तरफ चले गए जहां ट्रेन की चपेट में आने से इनकी मौत हो गई।हम लोगों को गेटमैन द्वारा घटना की जानकारी दी गई जिसके बाद हम लोग मौके पर पहुँचे।

# कडकडाती ठंड में नगर पंचायत के अलाव नदारत

### ईओ बोले अलाव लायक नहीं है सर्दी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सर्द हवाओं के चलते सर्दी कहर बरपा रही है। नगर पंचायत का दावा है कि सभी प्रमुख स्थानों में अलाव जल रहे हैं। सोमवार को तड़के 5 बजे से 6 बजे तक सभी प्रमुख स्थानों की पड़ताल में अलाव नदारत थे। बस स्टाप, रेलवे स्टेशन, अस्पताल में लोग ठंड से सिकुड़ रहे थे। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि अभी अलाव लायक ठंड नहीं है, इंतजाम कराया जा रहा है। ठंड व कोहरा बढ़ने पर अलाव जलाए जाएंगे।

ठंड का कहर लगातार बढ़ रहा है। पिछले दो दिनों से रात का तापमान 6 डिग्री पहुंच रहा है। सोमवार को तड़के 5 बजे से 6 बजे के मध्य रेलवे स्टेशन, बस स्टाप, थाना चौराहा, सब्जी मंडी आदि प्रमुख जगहों की पड़ताल में सभी जगह से अलाव नदारत थे।

रेलवे स्टेशन में धीरू यादव, शिवनरायन, गुड्डू गुप्ता ने बताया कि अभी तक अलाव नहीं जला है। अस्पताल में रामबाबू, रमेश कुमार, सुरेश आदि ने बताया कि अलाव नहीं जलता है। बस स्टाप में यात्री रामनरेश, भूपत सिंह, राजाराम, राम श्री, कमलेश ने बताया कि वह सुबह 5 बजे से बस के इंतजार में खड़े ठिठुर रहे हैं। अलाव कहीं नहीं नजर आया है। वहीं भाकियू नेता सुरेश शुक्ला ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कस्बे के प्रमुख स्थानों में अलाव जलवाने की मांग की है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य का कहना है कि अलाव लायक सर्दी नहीं है। इंतजाम कराये जा रहे हैं। कोहरा बढ़ने के बाद अलाव जलाए जाएंगे।

# सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा के लिये सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र प्रभारियों का हुआ प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 22 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के संबंध में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र प्रभारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सभी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रभारी तथा परीक्षा के कार्य में लगाए गए अन्य संबंधित को सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व निर्विघ्न रूप से संपन्न कराए जाने हेतु परीक्षा की बारीकियो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली पीसीएस परीक्षा राज्य की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके अंतर्गत संपादित किए जाने वाले सभी कार्य आयोग द्वारा दिए गए दिशानिर्देश के अनुसार नियमानुसार किये जायें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पर सीधे एफआईआर दर्ज होगी। कहा कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में लगाए गए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रभारी तथा अन्य संबंधित के द्वारा अच्छे प्रकार से प्रशिक्षण ले लिया जाए तथा आयोग के दिशा निदेर्शों का भली भांति अवलोकन कर लिया जाए। कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा के कार्य पूरी गंभीरता के साथ संपादित करें। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए। लोक सेवा आयोग से आए हुए प्रतिनिधि मनोज यादव ने बताया कि सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 22 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 2.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के प्रवेश करने की समय सीमा आयोग द्वारा निर्धारित है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से प्रातः 8.45 तक तथा दूसरी पाली में अपराह्न 1 बजे से 1.45 बजे तक होगी। इस निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी दशा में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि मनोज यादव, जनपद के समस्त एसडीएम, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्र प्रभारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या सहित पति व बच्चों की हत्या के प्रयास के मामले में सफल अनावरण पर एसओजी टीम हुई सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में एसओजी व सर्विलांश की संयुक्त टीम के प्रयास से जरिया थाना क्षेत्र में एक पत्नी की हत्या सहित पति व बच्चों की हत्या के प्रयास में दर्ज किये गये मुकदमें में सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसओजी टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मामले में धारा 140(1), 109, 352, 351(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के वादी सूरज व उसके बच्चों की हत्या का प्रयास करने व उसकी पत्नी की हत्या किये जाने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई थी। जिससे जनपद में सुरक्षा और विश्वास की भावना जागृत हुई एवं जनमानस में पुलिस के प्रति एक अच्छी छवि के साथ-साथ अच्छा सन्देश भी प्रसारित हुआ। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसओजी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक सचिन शर्मा, कांस्टेबल उमाशंकर शुक्ला, अतुल कुमार, सुरेन्द्र मिश्रा व शक्ति सिंह को 25 हजार रुपये व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित कर भविष्य में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। सोमवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# हाईवे किनारे खड़ी बोलेरो को डंफर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सोमवार को सुबह तेज रफ्तार डंफर ने नेशनल हाईवे 34 में इंगोहटा बस स्टाप के आगे मौदहा की तरफ अरतरा मोड़ के आगे हाईवे किनारे खड़े बोलेरो में पीछे से टक्कर मारकर बोलेरो को चकनाचूर करते हुए नीचे जाकर खड्ड़े में घुस गया। इस घटना में बोलेरो चालक को मौदहा सीएचसी में मृत घोषित कर दिया गया। अन्य दो का उपचार जारी है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा निवासी अंशुमान सिंह परिहार सोमवार को करीब 7 बजे गांव निवासी जयराम निषाद, कालका सोनकर के साथ बोलेरो से अपने नलकूप जा रहे थे। अरतरा मोड़ के आगे यह हाईवे किनारे खड़े थे। तभी कानपुर से कबरई की तरफ जा रहे तेज रफ्तार डंफर ने पीछे से बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी और बोलेरो को चकनाचूर करते हुए हाईवे किनारे खड्ड़े में जा घुसा। इस घटना में अशुंमान सिंह परिहार सीट में ही बुरी तरह फंस गए। जिसे खिड़की तोड़कर बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी मौदहा भेजा गया। यहां पर अंशुमान को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी घायलों का उपचार हो रहा है। सभी खतरे से बाहर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक अपने पीछे पत्नी रेशमा सिंह, पुत्र आदर्श सिंह 12 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया है। 6 माह के अंदर दो भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# खेती-बाड़ी के साथ बिल्डिंग मैटेरियल का था कारोबार

### छः माह में दो भाइयों की मौत से परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। अंशुमान सिंह खेती-बाड़ी के साथ बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर का कार्य भी करता था। यह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। जून माह में बड़े भाई की मौत बीमारी के चलते हो गई थी। परिवार अभी इस सदमें से उबर भी नहीं पाया था कि अचानक यह हादसा होने से कोहराम मच गया है।

इंगोहटा निवासी उदित नारायण सिंह परिहार के तीन पुत्र ज्ञान सिंह, कल्लू सिंह, अंशुमान सिंह थे। इनमें कल्लू सिंह की गत 19 जून को बीमारी के कारण मौत हो गई थी। पूरा परिवार अभी इस हादसे को ठीक से भूल नहीं पाया था कि इसी बीच सोमवार को हुए हादसे में अंशुमान सिंह की मौत होने से परिवार में वज्रपात हो गया है। पति की मौत की सूचना पाकर पत्नी रेशमा सिंह बेसुध हो गई है। पुत्र आदर्श सिंह का भी बुरा हाल है। अंशुमान सिंह के पास करीब डेढ़ सौ बीघे कृषि योग्य जमीन है। खेती-बाड़ी के अलावा इसका बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई का कारोबार था। इसकी मौत के बाद यह सब कुछ चौपट हो गया है। मृतक सुबह मजदूरों को लेकर फसलों में पानी लगवाने के लिए जा रहा था। तभी काल के गाल में समा गया। इससे गांव में मातम छा गया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# फिर रेड मारने को तैयार अजय रिलीज डेट से उठा पर्दा...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में है। इसी बीच अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म 'रेड 2' की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर रेड 2 की अपडेट शेयर की है। अजय ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू होगा। रेड 2,1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## काम पर फोकस करना है रिश्ते में नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन चुकी है। इन दिनों एक्ट्रेस फिल्म 'सिटाडेल सीजन 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने चर्चा करते हुए फिल्म डॉन का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा कि 'डॉन' में काम करते हुए उन्होंने ताई ची सीखी थी ताकि अपने रोल को काफी अच्छे से निभा सकें।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा के इस बयान को शाहरुख खान संग उड़ी अफेयर की अफवाहों से जोड़ा जा रहा है। बता दें कि, फिल्म डॉन की शूटिंग के दौरान ऐसी खबरें थी कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि शाहरुख खान ने इन अफवाहों पर कभी रिएक्शन नहीं दिया। प्रियंका चोपड़ा ने 'डॉन' में रोमा का किरदार निभाया था। फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने 2006 में शाहरुख़ ख़ान के साथ 'डॉन' का रीमेक बनाया था। फरहान अख्तर ने हाल ही में 'डॉन 3' की घोषणा की, जिसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी लीड रोल में नजर आएंगी। हालांकि फिलहाल फिल्म को लेकर मेकर्स की तरफ से कोई अपडेट साझा नहीं किया गया। प्रियंका ने इवेंट के दौरान शाहरुख खान संग फिल्म डॉन का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रियंका ने आगे यह भी कहा, लोगों को 'डॉन' में मुझे एक्शन करते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। उस फिल्म में एक्शन सीक्वेंस में बहुत ट्रेनिंग की गई थी, और मैंने थोड़ा खून चखा। मुझे हथियार हाथ में लेकर अपने देश की रक्षा करते हुए बहुत अच्छा लगता है; और मैं क्या कह सकती हूं?




हॉलीवुड मसाला



# टीजर व रिलीज डेट से उठा पर्दा

**मुंबई।** सीरीज 'द व्हील ऑफ टाइम' के सीजन 3 का टीजर और रिलीज की तारीख प्राइम वीडियो ने जारी कर दी है। तीसरे सीजन का प्रीमियर 13 मार्च 2025 को वैश्विक स्तर पर होगा। टीजर का खुलासा ब्राजील के साओ पाउलो में सीसीएक्सपी24 के थंडर स्टेज पर किया गया। शो के रनर राफे जुडकिंस और कास्ट मेंबर जोशा स्ट्रैडोव्स्की (रैंड अल'थोर) और मैडेलीन मैडेन (एग्वेने अल'वेरे) ने एक पैनल में भाग लिया, जिसमें होस्ट एलाइन डिनिज और इकारो कादोशी के साथ एक मजेदार और व्यावहारिक बातचीत हुई।



# सेलेना ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से कर ली सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीलुड की फेमस सिंगर सेलेना गोमेज़ और बेनी ब्लांको ने सगाई कर ली है! सिंगर ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने अपनी खूबसूरत सगाई की अंगूठी का भी शानदार फोटो पोस्ट किया। फोटो साझा करते हुए सेलेना ने लिखा, अब से हमेशा के लिए शुरू होता है... जबकि बेनी ने कमेंट किया, अरे रुको... वह मेरी पत्नी है। बता दें कि, बेन का जन्म 8 मार्च 1988 को यूएस में हुआ था। वह एक अमेरिकन रेकॉर्ड प्रोड्यूसर, सॉन्ग राइटर हैं। कपल को कई बार एक साथ देखा गया है। वह अपनी गर्लफ्रेंड सेलेना के साथ भी कई सारे गाने लिख चुके हैं। बेनी से पहले सेलेना कई बड़े स्टार्स को डेट कर चुकी हैं। जिसमें निक जोनस, जस्टिन बीबर, और चार्ली पुट हैं। फोटो में, सेलेना ने अपनी बड़ी ओवल कट हीरे की रिंग फ्लॉन्ट करते हुए नजर आईं।



# बागी-4 में नजर आएंगी मिस यूनिवर्स...

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'बागी 4' को लेकर हर दिन कोई ना कोई अपडेट सामने आ रहा है। इस फिल्म में संजय दत्त और सोनम बाजवा की एंट्री पहले ही हो चुकी हैं, जिसके बाद अब एक और एक्ट्रेस का नाम सामने आया है। मिस यूनिवर्स 2021 का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन करने वालीं हरनाज संधू अब फिल्म 'बागी 4' के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। इसकी जानकारी उन्होंने खुद फैंस के साथ शेयर किया है। यह फिल्म अगले साल 2025 को 5 सिंतबर के दिन रिलीज होगी। सुष्मिता सेन के बाद मिस यूनिवर्स का ताज अपने सिर पहनने वाली हरनाज संधू अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में फेमस हैं। वहीं अब वो बतौर एक्ट्रेस अपनी शुरुआत के लिए तैयार हैं, वो नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट की फिल्म बागी 4 में बतौर हीरोइन एंट्री लेने वाली हैं।



# इस वर्ष सबसे ज्यादा सर्च की गई स्त्री-2

**मुंबई।** राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री 2 , वर्ष 2024 में गूगल पर सबसे अधिक सर्च की जानेवाली फिल्म बन गयी है। गूगल ने अपनी लिस्ट जारी की है जिसमें सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली फिल्म में स्त्री 2 ने बाजी मार ली है। इस फिल्म को लोगों ने गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया है। बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद, निर्माता दिनेश विजान की फिल्म स्त्री 2 ने अपना सर्वोच्च स्थान बरकरार रखा है। फिल्म की अपार लोकप्रियता और भी पुख्ता हो गई है क्योंकि यह आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय फिल्मों की सूची में दूसरे स्थान पर है। अमर कौशिक निर्देशित, फिल्म स्त्री 2 ने हास्य और हॉरर के अपने अनूठे मिश्रण के लिए प्रशंसा बटोरी है।

टीवी मसाला



# इस दिन होगा बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले...

नई दिल्ली। टीवी का पॉपुलर रिएलिटी शो 'बिग बॉस 18' जब जल्द ही खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। शो को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। खबर है कि शो के ग्रैंड फिनाले की तारीख सामने आ गई है। आपको बता दें कि 'बिग बॉस 18' इस समय सुर्खियों में छाया हुआ है। शो में हो रहे टास्क दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं और घरवाले भी गेम को जीतने के लिए पूरे दिमाग से खेल रहे हैं। लोगों को इस समय शो के ग्रैंड फिनाले का बेसब्री से इंतजार है। बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले आगामी 19 जनवरी 2025 को है।

***कब होगा बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले :*** इस बीच बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले की डेट सामने आ गई है। ऐसे में शो को उसके 18वें सीजन का विनर जल्द ही मिल जाएगा। बिग बॉस से जुड़े अपडेट शेयर करने वाले एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें शो के फिनाले की डेट की अनाउंसमेंट की गई है। इसमें लिखा है कि बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले आगामी 19 जनवरी 2025 को है।

***बिग बॉस 18 से जुड़ा पोस्ट हुआ वायरल :*** बिग बॉस 18 से जुड़ा ये पोस्ट इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्ट को अब तक 75 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। हालांकि, ये ऑफिशियल जानकारी नहीं है और मेकर्स ने भी अभी तक शो के ग्रैंड फिनाले को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है।

### मेकर्स की तरफ से मिलेगी ऑफिशियल जानकारी

ऐसे में ये कहा नहीं जा सकता कि बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी 2025 को ही होगा। अभी मेकर्स की तरफ इस पर ऑफिशियल जानकारी आना बाकी है। वहीं अब इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

### कौन होगा शो का विनर

आपको बता दें कि बिग बॉस के अब तक 17 सीजन हो चुके हैं और इस बार शो का 18वां सीजन चल रहा है। इस बार शो कौन जीतेगा इसको लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही हैं। फैंस में विनर के नाम को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। लोगों की वोटिंग से कई सारे नाम सामने आ रहे हैं लेकिन असली विनर का नाम ग्रैंड फिनाले के दिन ही पता चलेगा।

# गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गईं एक्ट्रेस हिना खान



**मुंबई।** साल 2024 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इस बीच गूगल ने इस साल सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली हस्तियों की लिस्ट जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में केवल तीन भारतीय स्टार्स शामिल हैं, जिनमें टीवी एक्ट्रेस हिना खान, तेलुगू एक्टर पवन कल्याण और निम्रत कौर का नाम शामिल हैं। दरअसल, गूगल की 2024 की ग्लोबल सर्च लिस्ट में हिना खान को पांचवें नंबर पर जगह मिली है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 2024 की टॉप सर्च लिस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, मुझे बहुत से लोग इस नई उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व करने वाली कोई बात है। एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि किसी का हेल्थ प्रॉब्लम्स या विवादों के कारण ऑनलाइन सर्च किया जाना कोई अचीवमेंट नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मुझे मेरी मेहनत और उपलब्धियों के लिए पहचाना जाए, न कि किसी और कारण से।'

# बाय-बाय 2024 : दीपिका पादुकोण से लेकर रश्मिका तक इन एक्ट्रेसेस ने बनाई ग्लोबली पहचान ...

**मुंबई।** बीत रहे वर्ष 2024 में, इंडियन एक्ट्रेसेस ने दुनिया भर में अपनी टैलेंट और चार्म का जलवा बिखेरा है। सिनेमा से लेकर फैशन और इंटरनेशनल कोलेबोरेशन तक, इन महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की है और भारत को गर्व महसूस कराया है। इसमें कई एक्ट्रेस शामिल हैं।



**दीपिका पादुकोण :** दीपिका ने इतिहास ने साल की शुरूआत में बीएएफटीए अवाड्र्स में शामिल हुई थी। इसके साथ इस मंच पर पहुंचने वाली वो पहली इंडियन बनीं। उन्हें डीडलाइन हॉलीवुड डिसरप्टर्स की लिस्ट में इकलौती भारतीय डिसरप्टर के रूप में जगह मिली, जो उनकी ग्लोबल इंपैक्ट को दिखाता है। अपनी फिल्मों के दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई।



**आलिया भट्ट :** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट 2024 के पेरिस फैशन वीक में डेब्यू करने जा रही हैं। वो लोरियल पेरिस ब्रांड की ग्लोबल एम्बेसेडर के रूप में ले डेफिले लोरियल पेरिस के रैंप पर मशहूर प्लेस प्लेस डे लोपेरा में वॉक किया। इसके अलावा, इस साल मेट गाला 2024 में उन्होंने सब्यसाची साड़ी पहनकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। फिल्मों में भी उनका जलवा रहा।



**कृति सेनन :** कृति ने एफ सिल्वरस्टोन इवेंट में सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। साथ ही लंदन फैशन वीक में अपनी स्टाइल से सबको इम्प्रेस कर दिया। पेपे जींस की ब्रांड एम्बेसेडर बनकर कृति ने फैशन की दुनिया में अपनी पहचान और मजबूत की है। उनकी को-प्रोडक्शन 'दो पट्टी' ने ग्लोबल ट्रेंड सेट किया, जो उनकी क्रिएटिव सोच और बिजनेस स्किल्स को दिखाती है।



**रश्मिका मंदाना :** रश्मिका ने मिलान फैशन वीक में दो बार भारत का नाम रोशन किया है और अपनी पोजीशन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता के साथ, फिल्म ने 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई अपने नाम की है। इस तरह से रश्मिका ने खुद को इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी हीरोइन के रूप में स्थापित कर लिया है।



**श्रद्धा कपूर:** श्रद्धा कपूर ने अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो एक बड़ा इवेंट है और इसमें दुनियाभर के फिल्म, फैशन और स्पोर्ट्स से जुड़े लोग आते हैं। उन्होंने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी अपनी शानदार मौजूदगी दिखाई। घर लौटने के बाद, श्रद्धा ने अपनी फिल्म 'स्त्री 2' की ब्लॉकबस्टर सफलता का जश्न मनाया, जिससे बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा सितारों में उनकी जगह और पक्की हो गई।

**जैकलीन फर्नांडीज:** जैकलीन फर्नांडीज का ये साल बहुत शानदार रहा। उन्होंने जीन-क्लाउड वैन डैम के साथ किल्म 2 में काम किया। जो इंटरनेशनल पहचान हासिल कर चुका है। उनका गाना स्टॉर्मराइडर ग्लोबल हिट बन चुका है और उनकी वर्सेटेलिटी को सराहा गया है।

## 2003 में गंगोत्री के साथ मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत की

# बाल कलाकार से 'पुष्पा' के फायर तक अल्लू अर्जुन का खूबसूरत सफर

### फिल्मी परिवार की पैदाइश हैं अल्लू

चेन्नई में 8 अप्रैल 1982 को जन्मे अल्लू अर्जुन एक ऐसे परिवार से हैं जो सिनेमा से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके पिता मशहूर निर्माता अल्लू अरविंद हैं और उनके दादा मशहूर कॉमेडियन अल्लू रामलिंगैया थे। वह अपनी मौसी सुरेखा और मेगास्टार चिरंजीवी के ज़रिए तेलुगु स्टार राम चरण से भी जुड़े हैं।

### एक बाल कलाकार के रूप में काम शुरू किया था

अल्लू अर्जुन ने 1985 में चिरंजीवी की विजेता में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरुआत की। उन्होंने 2003 में गंगोत्री के साथ मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत की। उन्हें सफलता सुकुमार द्वारा निर्देशित आर्या से मिली, जिसने उन्हें एक स्टार के रूप में स्थापित किया। बन्नी, देसमुदुरु और वेदम जैसी बाद की हिट फिल्मों ने इंडस्ट्री में उनकी स्थिति को मजबूत किया।



***मुंबई।*** *तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन गुरुवार को दिल्ली में पुष्पा 2: द रूल की सफलता का जश्न मना रहे थे, जिसने केवल छह दिनों में 1,000 करोड़ रुपये कमाकर इतिहास रच दिया है। हालांकि, शुक्रवार को फिल्म के प्रीमियर के दौरान एक दुखद घटना के कारण उन्हें अपने हैदराबाद स्थित घर पर गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में लोअर कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। हालाँकि, तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कुछ ही समय बाद उन्हें चार सप्ताह की अंतरिम ज़मानत दे दी।*

### पुष्पाः द राइज़

पुष्पाः द राइज़ में अल्लू अर्जुन ने पुष्पराज का किरदार निभाया था, जो एक मजदूर था और चंदन तस्कर बन गया था। उनके किरदार का संवाद 'झुकेगा नहीं' लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। यहां तक कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुष्पराज की दाढ़ी घुमाने की खास शैली की नकल की थी।

### अखिल भारतीय स्टारडम

वर्ष 2020 में अला वैकुंठपुरमुलु के साथ उनकी अखिल भारतीय पहचान बढ़ गई। हालाँकि इसका हिंदी रीमेक पहले ओटीटी रिलीज़ के कारण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया, लेकिन इसने उनकी अगली बड़ी हिट के लिए मंच तैयार कर दिया। 2021 में रिलीज़ हुई पुष्पाः द राइज़ ने उन्हें यादगार संवादों और प्रतिष्ठित हाव-भावों के साथ देश भर में प्रसिद्धि दिलाई।